राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com

# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 273
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 15 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन से युवती ने लगाई छलांग, सीआईएसएफ कर्मी की सूझबूझ से बची जान

पेज 5 जातिवादी सरकारें उपेक्षित वर्ग के नेताओं को अपने समाज का भला नहीं करने देती : मायावती

पेज 7 फिनलैंड या स्वीडन नाटो में शामिल होते हैं तो परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा रूस, मॉस्को ने दी धमकी

# जम्मू-कश्मीर में 4 आतंकी ढेर

## सुरक्षाबलों ने शोपियां में किया एनकाउंटर; आर्मी वैन पलटने से 3 जवानों की भी मौत

एजेंसी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले के बडीगाम इलाके में गुरुवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ में 4 आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मुठभेड़ स्थल के पास वाहन पलटने से 3 जवान भी शहीद हुए हैं। सुरक्षा बल अभी भी सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। अफसरों ने बताया- आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया था। इस पर आतंकियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। इसका



सुरक्षा बलों ने भी जवाब दिया। वहीं, 44 आरआर के जवान चौगाम कैंप से एक वैन से बडीगाम में मुठभेड़ स्थल की ओर जा रहे थे। तभी ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया, जिसमें 8 जवान घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय दो ने दम तोड़ दिया, जबकि एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। बाकी 5 जवानों का शोपियां के जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मंगलवार देर रात सुरक्षाबलों को ने श्रीनगर के रैनावारी इलाके में हुई मुठभेड़ में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को मार गिराया था। मारे गए आतंकियों के पास से पुलिस को गोला-बारूद, हथियार समेत काफी आपत्तिजनक सामान मिला था। कश्मीर के IGP विजय कुमार ने बताया कि श्रीनगर मुठभेड़ में मारे गए दोनों लश्कर-ए-तैयबा/ TRF के लोकल आतंकवादी थे। दोनों आतंकी घाटी के ही रहने वाले थे।

### कुलगाम में आतंकियों ने ड्राइवर की गोली मारकर हत्या की थी



दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के काकरान इलाके में बुधवार शाम आतंकियों ने सतीश कुमार सिंह नाम के एक व्यक्ति के सिर और पैर में गोली मार दी थी। अस्पताल में इलाज के दौरान शख्स की मौत में हो गई। सतीश पेशे से ड्राइवर था।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय आज़ाद भारत के इतिहास, भावी भारत की प्रेरणा को समेटे हुए है : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित प्रधानमंत्री संग्रहालय को लोकार्पित करते हुए आज कहा कि देश के हर प्रधानमंत्री ने संविधान सम्मत लोकतंत्र को मजबूत करने में योगदान दिया है और उनका कृतित्व आज़ाद भारत का इतिहास और भावी भारत की प्रेरणा है।

मोदी यहां तीन मूर्ति भवन में पूर्ववर्ती नेहरू स्मारक एवं संग्रहालय में नये प्रधानमंत्री संग्रहालय के लोकार्पण के मौके पर समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के अध्यक्ष विनय सहस्रबुद्धे तथा पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एम जे अकबर उपस्थित थे।




संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा, बाबा साहेब जिस संविधान के मुख्य शिल्पकार रहे, उस संविधान ने हमें संसदीय प्रणाली का आधार दिया। इस संसदीय प्रणाली का प्रमुख दायित्व देश के प्रधानमंत्री का पद रहा है। ये मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे, प्रधानमंत्री संग्रहालय, देश को समर्पित करने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष का पर्व, आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब ये संग्रहालय, एक भव्य प्रेरणा बनकर आया है। इन 75 वर्षों में देश ने अनेक गौरवमय पल देखे हैं। इतिहास के झरोखे में इन पलों का जो महत्व है, वो अतुलनीय है। देश आज जिस ऊंचाई पर है, वहां तक उसे पहुंचाने में स्वतंत्र भारत के बाद बनी प्रत्येक सरकार का योगदान है। आज यह संग्रहालय भी प्रत्येक सरकार की साझा विरासत का जीवंत प्रतिबिंब बन गया है।

मुंबई एनसीबी की बड़ी कार्रवाई

# इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 24 करोड़ रुपये कीमत की 3.980 किलोग्राम हेरोइन जब्त

मुंबई। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 24 करोड़ रुपये कीमत की 3.980 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। इस मामले में एक दक्षिण अफ्रीकी नागरिक को अरेस्ट किया गया है। आरोपी इस हेरोइन को सूटकेस की केवटी में छिपा कर लाया गया था। उससे पूछताछ जारी है और इस केस में जल्द ही कुछ और गिरफ्तारी हो सकती है। खास यह है कि आज ही IRS अफसर अमित फक्कड़ गावटे को मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का नया जोनल डायरेक्टर बनाया गया है। उन पर आर्यन समेत कई हाईप्रोफाइल ड्रग्स केस को सुलझाने की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। इससे पहले 31 दिसंबर, 2021 को समीर वानखेड़े का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आईआरएस ऑफिसर विजेंद्र सिंह के पास इसका



अतिरिक्त प्रभार था।

### कौन हैं अमित फक्कड़ गावटे

अमित फक्कड़ गावटे 2008 बैच के IRS अधिकारी हैं। अभी उनके पास एनसीबी बैंगलोर और एनसीबी चेन्नई का अतिरिक्त प्रभार है। वह 31 मई तक अतिरिक्त प्रभार के रूप में बैंगलोर जोनल यूनिट की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। इसके बाद मुंबई आएंगे और यहां का कार्यभार लेंगे।

### दिल्ली एयरपोर्ट भी बरामद हुई थी ड्रग्स

कुछ दिन पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम की टीम ने 6 करोड़ की हेरोइन बरामद की थी। इसे कैप्सूल के अंदर पाउडर के रूप में भरकर लाया गया था। इस मामले में युगांडा के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आरोप के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार करने के बाद कस्टम की टीम ने आरोपी के 9 दिनों तक टेस्ट कराए। इसके बाद उसके पेट से 99 कैप्सूल निकले। युगांडा का नागरिक शारजाह होते हुए इंडिया के लिए निकला था।

# आंध्रप्रदेश में आग से 6 मजदूर जिंदा जले

## एलुरु की केमिकल फैक्ट्री में गैस लीक होने से हादसा; 13 जख्मी, 4 की हालत गंभीर

एलुरु। एलुरु के अक्किरेड्डीगुडेम में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई। 13 घायल हो गए। हादसा देर रात गैस लीकेज के कारण हुआ। एलुरु एसपी राहुल देव शर्मा के मुताबिक नाइट्रिक एसिड और मोनोमिथाइल के रिसाव से आग लगी। आंध्रप्रदेश के सीएम वायएस जगन मोहन रेड्डी ने मृतकों के परिजन को 25 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 5 लाख और मामूली घायल लोगों को 2 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है।

### हॉस्पिटल के रास्ते में तोड़ा दम

घटना पोरस फैक्ट्री में हुई। यह मसुनुर जिले में है। जहां यूनिट नंबर 4 में गैस लीक हुई और पूरी बिल्डिंग में फैल



गई। हादसे में 5 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई। एक ने हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

घायलों को बेहतर इलाज के लिए विजयवाड़ा और नूजीडू रेफर किया गया है।

अधिकारियों का कहना है कि 4 मजदूरों की हालत बेहद नाजुक है। आग की खबर मिलते ही दमकल और NDRF की टीम आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुट गईं।

### केमिकल के यूज से दवा बनाती है फार्मा फैक्ट्री

मरने वालों में 4 मजदूर बिहार के थे। जबकि बाकी दो की पहचान कृष्णा केमिस्ट और ऑपरेटर किरण के रूप में हुई है। पुलिस बाकी ब्लॉक्स में भी मजदूरों की मौजूदगी की जांच कर रही है। पोरस फैक्ट्री एक फार्मा फैक्ट्री है, जहां नाइट्रिक एसिड, मोनो मिथाइल और सल्फ्यूरिक एसिड का इस्तेमाल होता है।

### गुजरात में भी हुआ था ऐसा ही हादसा

पिछले दिनों गुजरात के भरूच में भी एक केमिकल फैक्ट्री में ऐसा ही हादसा हुआ था, जिसमें 6 मजदूर जिंदा जल गए थे। दहेज की ओम ऑर्गेनिक कंपनी में डिस्टिलेशन प्रोसेस चल रही थी। जिसमें रिएक्टर में विस्फोट के बाद आग लगने से मजूदरों की मौत हो गई थी।

# सभी स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस अब अंबेडकर के नाम पर : केजरीवाल

## भविष्य में इन्हीं स्कूलों से पढ़कर बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर व वैज्ञानिक बनेंगे

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती पर गुरुवार को दिल्ली के सभी 30 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सिलेंस को उनके नाम पर समर्पित कर दिया।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सभी स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस आज से बीआर आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इन्हीं स्कूलों से पढ़कर बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर व वैज्ञानिक बनेंगे। यही तो बाबा साहब का सपना था। बाबा साहब का सपना था कि हमारे देश के हर बच्चे को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए, तभी देश तरक्की कर सकता है। मुझे बेहद खुशी है कि उनका सपना दिल्ली में पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 75 साल में सरकारी स्कूलों को जानबूझकर और खराब से खराब किया गया। हम लोगों ने सबके सहयोग से सिर्फ पांच साल में दिल्ली के



सरकारी स्कूलों शानदार बना दिया। अब राजनीति के अंदर स्कूलों की बात होने लगी है। आपस में कंपटीशन होने लगा है। अब जो नया राजनीति का नैरेटिव है, वह धीरे-धीरे शिक्षा और स्वास्थ्य की ओर शिफ्ट हो रहा है।

दिल्ली के खिचड़ीपुर स्थित स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सिलेंस में आयोजित एक समारोह में श्री केजरीवाल ने दिल्ली के सभी 30 स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सिलेंस को बाबा साहब के नाम समर्पित करते हुए शिलापट्ट का अनावरण किया। अभी तक इन स्कूलों को स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सिलेंस के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब यह स्कूल डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सिलेंस के नाम से जाने जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर का जन्मदिन है और हम लोग हर वर्ष की तरह इसे बड़ी धूमधाम से मना रहे हैं, लेकिन आज हम लोगों ने एक विशेष काम किया कि दिल्ली के जो सबसे शानदार 30 सरकारी स्कूल हैं, जिन्हें हम स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के नाम से जानते हैं। अब यह सभी स्कूल बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के नाम से जाने जाएंगे।

इन स्कूलों का नाम आज से डॉक्टर बी.आर. अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस होगा। मैं समझता हूं कि इससे अच्छी श्रद्धांजलि उनको नहीं दी जा सकती थी। वो जहां कहीं भी होंगे, ऊपर आसमान में उनकी आत्मा अगर देख रही होगी, तो मैं समझता हूं कि उनकी आत्मा बहुत खुश होगी और हमें खूब आशीर्वाद देगी। बाबा साहब अंबेडकर ने अपने जीवन में सबसे ज्यादा महत्व शिक्षा को दिया।

केजरीवाल ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी, तब हमारे पास दो मॉडल थे। उस दौरान कई लोग आकर कहते थे कि आप एक कानून पास कर दो कि अधिकारियों, मंत्रियों और नेताओं के बच्चों को सरकारी स्कूल में डलवाया जाए। अगर सारे अधिकारियों और मंत्रियों के बच्चे सरकारी स्कूल में जाने लगेंगे, तो ये स्कूल अपने आप ही ठीक हो जाएंगे। तब मैंने कहा कि हम यह मॉडल लागू नहीं करेंगे। हम दूसरा मॉडल लागू करेंगे। हम सरकारी स्कूलों को ही इतना अच्छा बना देंगे कि ये सारे लोग अपनी इच्छा से अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजना चालू करेंगे। जब हमने यह सोचा था और इस इसको लागू किया, तब हमें उम्मीद नहीं थी कि हम पांच साल की सरकार में इतनी जल्दी यह हासिल कर पाएंगे। 75 साल तक बाकी पार्टियां और सारी सरकारें नहीं कर पाई।

हमें लगता था कि यह हासिल करने में काफी समय लगेगा। लेकिन सभी शिक्षकों, प्रिंसिपल, अभिभावकों, अधिकारियों, बच्चों और सभी जनता का सहयोग मिला। सभी लोगों के सहयोग से हम लोगों ने मिलकर के सिर्फ 5 साल में दिल्ली के सरकारी स्कूलों इतना शानदार बना दिया। आज हमारे कई विधायक ऐसे हैं, जिनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं।

## सीएनजी दाम में बढ़ोतरी, जनता पर सरकार का प्रहार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के साथ ही सीएनजी और पीएनजी के दाम भी लगातार बढ़ा रही है जिससे आसमान छू रही महंगाई के कारण आम लोगों का जीवन दूभर हो गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत में गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम घटने के बावजूद देश में ईंधन के दाम बढ़ने का सिलसिला जारी है और आज महावीर जयंती तथा बिहू जैसे पर्व पर भी सरकार ने सीएनजी के दाम बढ़ाकर आम लोगों पर बोझ डाला है। पिछले 22 दिनों में सीएनजी के दाम में 13.60 रुपये की बढ़ोतरी हुई है जबकि पाइप नेचुरल गैस के दाम में 11.10 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। विश्व बाजार में कच्चे तेल के दाम 14 प्रतिशत तक गिर गए लेकिन हमारी सरकार लगातार ईंधन के दाम बढ़ाकर लोगों की कमर तोड़ने में लगी हुई है।

सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली पुलिस का हलफनामा

# 'धर्म संसद' में नहीं दिए गए नफरती भाषण

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय को दिल्ली पुलिस ने बताया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल दिसंबर में आयोजित धर्म संसद कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नरसंहार का आह्वान के आरोप निराधार तथा काल्पनिक हैं। इसलिए इससे संबंधित शिकायत के मामले को बंद कर दिया गया है।

दक्षिण पूर्वी दिल्ली पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे ने शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर करके दिल्ली पुलिस का पक्ष रखा है। हलफनामे में कहा गया है कि शिकायत के आधार पर संबंधित वीडियो क्लिप और अन्य सामग्रियों की मुकम्मल जांच की गई। जांच में आरोप के मुताबिक कोई भी तथ्य ऐसे नहीं आया, जिसके आधार पर यह अर्थ निकाला जाए कि किसी विशेष समुदाय के प्रति नफरत फैलाने की कोशिश की गई। हलफनामे में जांच का हवाला देते हुए कहा गया है कि कार्यक्रम में किसी धर्म विशेष के खिलाफ नफरत फैलाने शब्दों के इस्तेमाल नहीं किये।

दिल्ली पुलिस ने शिकायत को निराधार और काल्पनिक होने का दावा करते हुए अपनी ओर से इस मामले को बंद कर दिया है।

पिछले साल 19 दिसंबर को गोविंदपुरी मेट्रो स्टेशन के पास बनारसीदास चांदी वाला सभागार में हिंदू युवा वाहिनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के आरोप लगाए गए थे।

दिल्ली पुलिस के हलफनामे में कहा गया है कि कार्यक्रम में किसी भी समूह, समुदाय, जातीयता, धर्म या विश्वास के खिलाफ कोई नफरत व्यक्त नहीं की गई थी।

# कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी से चिंता की बात नहीं: सिसोदिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है लेकिन फिलहाल चिंता की कोई बात नहीं है।

श्री सिसोदिया ने गुरुवार को यहाँ कहा कि कोरोना के मामले बढ़े हैं लेकिन चिंता क़ी कोई बात नहीं हैं क्योंकि लोगों को अस्पताल में भर्ती होने की ज़रूरत नहीं पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि यह पता लगना बाकी है कि यह पुराना ही वेरियंट है या नया। यह जीनोम सिक्वेंसिंग से पता चलेगा। किसी भी स्कूल में एक भी



मामला आता है तो हम इस पर नजर रखते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा, हमने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कहा है कि कहीं भी स्कूल में मामले आते हैं तो नजर रखें और अगले चार दिनों की छुट्टी के दौरान स्कूलों के लिए अलग से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करें। अगले एक-दो दिनों में स्कूलों के लिए अलग से एसओपी और दिशानिर्देश जारी करेंगे। पिछले चार-पांच दिनों में स्कूलों से ऐसी खबर आई है कि कहीं शिक्षक में कोविड के लक्षण का पता चला कहीं छात्रों में लेकिन हमारी नजर है, घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने निजी स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाए जाने पर कहा, हमने दो साल तक स्कूलों को फीस बढ़ाने की इजाज़त नहीं दी थी। स्कूलों के खाते को ऑडिट करके ही फीस बढ़ोतरी की अनुमति दी, वो भी मामूली। उन्होंने कहा कि हमने दो से तीन फ़ीसदी फीस ही बढ़ाने की इजाज़त दी है।

कोविड-19

इस दौरान 1,007 नये मामले सामने आये हैं

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से केवल एक व्यक्ति की मौत

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हुई है और इसी के साथ मरने वालों की कुल संख्या पांच लाख 21 हजार 737 हो गयी है। इसी के साथ देश में मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है।

इस दौरान 1,007 नये मामले सामने आये हैं, जिन्हें शामिल करते हुए कुल मामलों की संख्या चार करोड़ 30 लाख 39 हजार 23 हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 186 करोड़ 22 लाख 76 हजार 304 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।



देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 11 हजार 58 है। इसमें बुधवार के मुकाबले 188 की वृद्धि दर्ज की गयी है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.03 प्रतिशत है। इसी अवधि में 818 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख छह हजार 228 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में चार लाख 34 हजार 877 कोविड परीक्षण किये गये हैं। देश में अब तक कुल 79 करोड़ 53 लाख 89 हजार 402 कोविड परीक्षण किये गये हैं।

केरल में पिछले 24 घंटे में एक भी मामला सामने नहीं आने की वजह से इसकी संख्या 2982 पर बरकरार है। वहीं, इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या भी 6465037 पर स्थिर है और मृतकों का आंकड़ा भी 68402 स्थिर है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 30 बढ़कर 1480 हो गये हैं। इस दौरान 62 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3904639 हो गयी है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 40057 पर स्थिर है।

राजधानी दिल्ली में इस दौरान सबसे अधिक 126 सक्रिय मामले बढ़कर 814 हो गये हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 26158 पर स्थिर है। राज्य में 1839909 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

महाराष्ट्र में इस दौरान सक्रिय मामले 10 बढ़कर 724 हो गये हैं। राज्य में 113 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7726903 हो गयी है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 147821 हो गया है।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सक्रिय मामले 42 घटकर 683 हो गये हैं। इस दौरान राज्य में 120 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 224529 हो गयी है।

# संजय राउत ने राज ठाकरे को बताया बीजेपी का लाउड स्पीकर

## कहा- सरकार को अल्टीमेटम सिर्फ बाला साहेब दे सकते थे

मुंबई। शिवसेना सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे को बीजेपी का लाउड स्पीकर करार दिया है। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना को हिंदुत्व का पाठ एमएनएस से सीखने की जरूरत नहीं है। शिवसेना सांसद राउत ने कहा कि हिंदुत्व शिवसेना की रगों में दौड़ता है। राज ठाकरे को लेकर राउत ने कहा कि राज ठाकरे की हिम्मत नहीं है कि वो उद्धव ठाकरे से सीधी लड़ाई लड़ सकें इसलिए बीजेपी की आड़ में पीछे से हमला कर रहे हैं। लाउड स्पीकर को लेकर एमएनएस के अल्टीमेटम के



जवाब में संजय राउत ने कहा कि दिवंगत बाला साहेब ठाकरे में ही इतनी क्षमता और शक्ति थी कि वो सरकार को अल्टीमेटम दे सकें।

गौरतलब है कि एनएनएस चीफ राज ठाकरे ने पिछले दिनों कहा था कि वो मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटाने के लिए वो सरकार को 3 मई तक का अल्टीमेटम दे रहे हैं। 3 मई के बाद भी अगर मस्जिद से लाउड स्पीकर चलते हैं तो वो उनके सामने अपने लाउड स्पीकर लगाकर उसी वक्त हनुमान चालीसा और भजन चलाना शुरू कर देंगे। गौरतलब है कि देश के कई राज्यों में मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटाने की मांग उठ रही है। महाराष्ट्र और तमिलनाडु से तो मांग उठ ही रही थी, बुधवार को असम से भी ये मांग उठी है कि मस्जिद से लाउड स्पीकर हटाए जाएं। हालिया मांग असम से उठी है। असम के राइड विंग ग्रुप कुटुंब सुरक्षा मिशन ने कहा है कि लाउड स्पीकर कभी भी इस्लाम का हिस्सा नहीं था इसलिए मस्जिदों से लाउड स्पीकर हटाए जाने चाहिए। संगठन ने असम सरकार से कहा कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वो सड़क जान करना शुरू कर देंगे।

कर्नाटक में भी लाउड स्पीकर हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। हालांकि कर्नाटक हाई कोर्ट ने कहा है कि सभी धार्मिक जगहों से लाउड स्पीकर हटाए जाने चाहिए।

# हिमाचल में बेमौसमी बर्फबारी और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बेमौसमी बर्फबारी और ओलावृष्टि से कई इलाकों में फसलों को नुकसान हुआ है।

मौसम विभाग ने आज बताया कि लाहुल स्पिति जिले और कुल्लू-मनाली की पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी हुई जबकि निचले कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, मंडी और केलांग में बूंदाबांदी हुई। रोहतांग दर्रा, अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल और कुंजुम दर्रा समेत प्रदेश की चोटियों पर बर्फबारी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

लाहौल स्पीति के हंसा में 2.0 सेटीमीटर बर्फबारी हुई है। जबकि चंबा में तीन, कांगडा में 2.2, गोंदला में 0.6, कल्पा में 0.4 किन्नौर के बांगतू में 25.2 मनाली में 21.0, रामपुर में 18.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

प्रदेश के चंबा सहित कई इलाकों में कल देर रात ओलावृष्टि हुई। चंबा और शिमला जिला के कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि के बाद मानो बर्फ की सफेद चादर सी बिछ गई। इससे शिमला में सेब समेत किसानों की दूसरी नकदी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। ओले गिरने से खासकर चंबा में काफी ज्यादा नुकसान बताया जा रहा है। कई क्षेत्रों में तूफान से सेब की फसल को भी नुकसान हुआ है।

पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से मनाली-कुल्लू के पर्यटन व्यवसायियों में कारोबार की उम्मीद बढ़ गई है। पर्यटन व्यवसायी समर सीजन को कैश करने की तैयारियों में जुट गए हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेश ने बताया कि राज्य के कई क्षेत्रों में बारिश और अंधड़ का पूर्वानुमान है। 16 अप्रैल तक मौसम खराब रहने के आसार है। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के बीच कुछ क्षेत्रों में लोगों को राहत मिली है।

## शार्ट न्यूज

### सेना मजबूत होगी तो शेयर मार्केट की गिरावट भी झेल लेगा देश, बोझ नहीं आर्मी पर निवेश

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे ने शसस्त्र बलों पर खर्च को एक निवेश बताया है। सेना प्रमुख ने कहा कि सशस्त्र बलों पर खर्च एक ऐसा निवेश है जिस पर पूरा रिटर्न मिलता है और इसे अर्थव्यवस्था पर बोझ के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई देश शेयर बाजार के नीचे गिरने और हजारों निवेशकों के कंगाल होने के बाद भी झटके को सह सकता है यदि उसके सशस्त्र बल मजबूत हैं। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में बुधवार को पुस्तक फिफ्टी ईयर्स ऑफ 1971 वॉर: एकाउंट्स फ्रॉम वेटरन्स का विमोचन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए नरल नरवणे ने कहा कि जब भी हम सशस्त्र बलों की बात करते हैं और सशस्त्र बलों के लिए किये गए निवेश और खर्च के बारे में हम जब भी बात करते हैं, हमें इसे ऐसे निवेश के रूप में देखना चाहिए जो आपको पूरा लाभ देता है और इसे अर्थव्यवस्था पर बोझ के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी ने देखा कि संकट के समय अर्थव्यवस्था पर कितना असर पड़ता है। उन्होंने कहा, कहीं भी युद्ध होता है, कभी भी किसी क्षेत्र में अस्थिरता होती है तो आप सीधे शेयरों पर, स्टॉक मार्केट पर असर देख सकते हैं।

### कश्मीर में लौट रहा सामान्य स्थिति: रिजिजू

श्रीनगर। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को कहा कि कश्मीर में सामान्य स्थिति लौट रहा है और जो कुछ घटनाएं घट रही हैं, उस पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर है। श्रीनगर के खुनमोह में जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण और जम्मू-कश्मीर कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित मेगा कानूनी सेवा तथा जागरुकता कैंप का उद्घाटन करते हुए रिजिजू ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि कश्मीर में सामान्य स्थिति लौट आई है। उन्होंने कहा कि ऐसी कुछ घटनाएं हैं जो आम तौर पर देश के हर हिस्से में होती हैं लेकिन घाटी में काफी हद तक स्थिति सामान्य हो गयी है। सुरक्षा एजेंसियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में स्थिति को संभाल रही हैं। उन्होंने कहा यहां रहने वाले लोगों के साथ-साथ जो लोग इस धरती पर स्वर्ग और खूबसूरत जगह की यात्रा करना चाहते हैं, उनके लिए यह बहुत खुशी का क्षण है। दशकों के बाद वर्तमान में कश्मीर आने वाले पर्यटकों की बढ़ोत्तरी के बारे में उन्होंने कहा कि कश्मीर एक तरह से पर्यटन क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है।

### कश्मीर में धूमधाम से मनायी गयी बैसाखी

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सिख समुदाय के लोगों ने गुरुवार को बैसाखी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया। बैसाखी के शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग गुरुद्वारा पहुंचे। श्रीनगर के रैनावारी पर स्थित चट्टी पड़शाही गुरुद्वारा में पर्व का उत्सव मनाया गया। सिख समुदाय के महिला और बच्चे सहित अन्य सदस्य चट्टी पड़शाही गुरुद्वारा पहुंचें और उन्होंने वहां प्रार्थना की। बैसाखी के अवसर पर लोगों ने देश और जम्मू-कश्मीर की शांति और समृद्धि के लिए विशेष तौर पर प्रार्थना की। कश्मीर के प्रमुख सभी गुरुद्वारों में लोगों ने प्रार्थनाएं, कीर्तन और लंगर का आयोजन किया। जम्मू-कश्मीर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला सहित अन्य नेताओं ने बैसाखी के अवसर पर लोगों को बधाईयां दीं।

### लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने जीओसी राइजिंग स्टार कॉर्प्स का पदभार संभाला

जम्मू। लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह ने गुरुवार को योल के राइजिंग स्टार कोर के 17वें कॉर्प्स कमांडर के रूप में पदभार संभाला। लेफ्टिनेंट जनरल ने भारतीय सैन्य अकादमी से पढ़ाई की है और उन्हें दिसंबर 1987 में चार पैरा (विशेष बल) में नियुक्त किया गया था। उन्होंने अपने 35 वर्ष के शानदार करियर में ऑपरेशन पवन, ऑपरेशन मेघदूत, ऑपरेशन रक्षक, ऑपरेशन आर्किड में भूमिका निभाई है। साथ ही उन्हें लेबनान और श्रीलंका में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में विदेशी युद्ध का भी अनुभव है। राइजिंग स्टार कॉर्प्स से पहले वह लखनऊ के सेंट्रल कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ पद पर थे। इसके अलावा इन्फैंट्री स्कूल महू और स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड में भी रह चुके हैं।

### संतोष मौत मामले में जांच से सामने आएगा सच

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े ठेकेदार संतोष पाटिल की कथित आत्महत्या के मामले की गहन जांच की जाएगी और सच्चाई सबों के सामने आएगी। बोम्मई आर.टी. नगर आवास पर मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि लोगों ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इस मसले पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हम निराधार आरोपों का जवाब नहीं देते हैं। आधार होने पर हम कुल्हाड़ी की जांच करेंगे। फिलहाल प्रारंभिक जांच चल रही है। देखते हैं कि इस पर क्या मामला साबित होता है। उन्होंने कहा कि श्री ईश्वरप्पा के इस्तीफे की घोषणा होने तक जांच रिपोर्ट नहीं आई थी और ना ही कोई कार्रवाई ही की गयी थी। उन्होंने कहा कि इस इस्तीफे को लेकर पार्टी या सरकारी आलाकमान का कोई दखल नहीं था। कल रात संतोष के शव का पोस्टमार्टम हुआ था। प्रारंभिक जांच हो। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर फैसला होगा।

### उत्तराखंड में प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य के पुत्र पर चाकू से हमला

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य के पुत्र संजीव आर्य पर नैनीताल के बेतालघाट में एक कार्यक्रम के दौरान चाकू से हमले की घटना सामने आयी है। बेतालघाट थाना प्रभारी सतीश शर्मा ने आज यहां बताया कि पूर्व विधायक संजीव आर्य भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिये बेतालघाट के जावा गांव गये थे। इसी दौरान स्थानीय एक व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। हालांकि उनके आसपास खड़े लोगों ने उन्हें बचा लिया। इस हमले में उन्हें हाथ में हल्की चोट आयी है। श्री शर्मा ने बताया कि हमलावर की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बतायी जा रही है। वह ग्रामीणों पर भी कई बार हमला कर चुका है। अभी तक संजीव आर्य ने बेतालघाट पुलिस को इस मामले में तहरीर नहीं दी है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### गोवा सरकार दमकल कर्मियों को देगी सुरक्षा भत्ता

पणजी। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार दमकल एवं आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारियों को सुरक्षा भत्ता देगी। सावंत ने यह भी कहा कि राज्य सरकार 'राष्ट्रीय आपदा योजना' की तरह ही राज्य में सुरक्षा कौशल में प्रशिक्षित 'आपदा मित्र' और 'आपदा सखी' नियुक्त करेगी, जो लोगों को बुनियादी सुरक्षा सहायता प्रदान करने में मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में समाज के प्रति सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं की सराहना की।

### मणिपुर में चीराओबा उत्सव मनाया गया धूमधाम से

इम्फाल। मणिपुर के लोगों ने गुरुवार को नववर्ष की शुरूआत पर शांति और समृद्ध के लिए चीराओबा उत्सव के दौरान प्रार्थनाएं की और इस उत्सव को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। चीराओबा त्योहार नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन प्रत्येक घरों में विभिन्न देवताओं की पूजा अर्चना के बाद सब्जियां और पका हुआ भोजन अर्पित किया जाता है। चीराओबा पर प्रत्येक घर में भव्य भोज का आयोजन हुआ जिसके बाद विवाहित महिलाओं ने अपने माता-पिता और भाइयों को उपहार भेंट किए। गवर्नर ला गणेशन ने राज्य के प्रत्येक घर में शांति, समृद्धि और प्रगति लाने के लक्ष्य की ओर सभी से प्रयास करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि चीराओबा पर्व नए साल की शुरुआत का प्रतीक है और यह त्योहार परिवार में सुख, समृद्धि, प्यार और भाईचारे का महत्व बताता है।

# ईश्वरप्पा ने नैतिक कर्तव्य के आधार पर इस्तीफा दिया: बोम्मई

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने स्वेच्छा और नैतिकता के आधार पर मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

बोम्मई गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, के एस ईश्वरप्पा ने मुझसे बात की। मुझे पूरा भरोसा है कि मामले में उनकी भूमिका बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि जांच खत्म हो गई है, सच्चाई सामने आ गई है और मैं अपने आरोपों से बाहर आ रहा हूं। तब तक मैं कह चुका हूं कि मैं इस पद पर नहीं रहना चाहता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कल शाम मंत्री से मिलेंगे। संभवत- तभी श्री ईश्वरप्पा अपना इस्तीफा उन्हें सौंप देंगे।

गौरतलब है कि आरडीपीआर मंत्री ईश्वरप्पा ने आज कहा कि वह अपना इस्तीफा शुक्रवार को मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को सौंप देंगे। श्री ईश्वरप्पा ने मीडियाकर्मियो को बताया कि यह फैसला उन्होंने मुख्यमंत्री बोम्मई से फोन पर बात करने के बाद लिया है।

इससे पहले मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा था कि आरडीपीआर मंत्री केएस ईश्वरप्पा को मंत्री पद से हटाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व का कोई दबाव नहीं है और वह मंत्री पद पर बने रहेंगे।

कांग्रेस ने संतोष पाटिल की मौत में कथित संलिप्तता के आरोपी श्री ईश्वरप्पा को पद से हटाने की मांग की थी। संतोष पाटिल ने मंत्री पर आरोप लगाया था कि उन्होंने (मंत्री) सरकारी परियोजना को शुरू करने के लिए अनुबंध देने के लिए 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी।

उल्लेखनीय है कि पाटिल ने मंगलवार को उडुपी के एक लॉज में ईश्वरप्पा को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा, मुझे किसी भी तरह का दबाव नहीं दिया गया है, यह प्रारंभिक जांच पर निर्भर करता है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने श्री ईश्वरप्पा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है, जिसके बाद कांग्रेस उन्हें पद से हटाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है।

# दबाव में आई कर्नाटक की भाजपा सरकार, मंत्री ईश्वरप्पा का इस्तीफा आज

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में एक ठेकेदार की मौत के बाद सवालों के घेरे में आए राज्य के मंत्री के एस ईश्वरप्पा शुक्रवार को इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने गुरुवार कहा कि मैं अपना त्यागपत्र मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को शुक्रवार को सौंप दूंगा। ठेकेदार की मौत को लेकर राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। विपक्ष ने मंत्री ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग की लेकिन राज्य मंत्रिमंडल ने कहा था कि उनके इस्तीफे की जरूरत नहीं है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ईश्वरप्पा को इस मामले में प्रथम आरोपी बनाया गया है। ठेकेदार संतोष



के पाटिल (37) उडुपी के एक लॉज में संदिग्ध अवस्था में मृत पाए गए थे। विपक्षी दल कांग्रेस ने राज्य के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से ईश्वरप्पा को मंत्रिपरिषद से बर्खास्त करने का आग्रह किया था। हालांकि मंत्री ईश्वरप्पा ने बुधवार को अपने पद से हटने से इनकार कर दिया था। ईश्वरप्पा ने आश्चर्य जताते हुए कहा था कि, क्या एक व्हाट्सएप संदेश को सुसाइड नोट के रूप में माना जा सकता है? मंत्री ने ठेकेदार संतोष पाटिल की मौत के पीछे रची गई साजिश की जांच की मांग की। बीजेपी के महासचिव एवं कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह ने ईश्वरप्पा का इस्तीफा मांगने को लेकर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए राजस्थान में हो रहे अत्याचार और बलात्कार का हवाला दिया।

मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि इस मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए वह खुद ईश्वरप्पा से बात करेंगे। ठेकेदार पाटिल के परिवार वालों ने इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी होने तक उसका शव लेने से इनकार कर दिया है।

# मध्यप्रदेश में भाजपा ने 65 हजार बूथों पर मनायी अंबेडकर जयंती

भोपाल। मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने आज डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती प्रदेश के 65 हजार बूथों पर मनायी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमाओं, चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, सेवा बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित कर अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नागरिकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

सामाजिक न्याय पखवाडे के अंतर्गत डॉ अंबेडकर की जयंती पर आयोजित परिचर्चा एवं व्याख्यानों में बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। वहीं, केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों की भी चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने डॉ अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद ने भोपाल में अलग अलग बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदेश में संपन्न कार्यक्रमों में पार्टी के पदाधिकारी, सांसद, विधायक सहित अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की प्रमुख रूप से भागीदारी रही।

भोपाल के दक्षिण पश्चिम विधानसभा के करूणाधाम मंडल में बूथ क्रमांक 76 में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसी प्रकार तात्या टोपे मंडल के वार्ड क्रमांक 33 के बूथ क्रमांक 156 में पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भोपाल जिले के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित की।

मुरैना में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वीआईपी रोड स्थित अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उज्जैन जिले के टावर स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर बाबा साहेब का पुण्य स्मरण किया। साथ ही नगर के विभिन्न मंडलों की बस्तियों में सेवा कार्य एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। रीवा में सांसद जनार्दन मिश्रा, वरिष्ठ विधायक राजेन्द्र शुक्ला, जिला अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसी तरह इंदौर में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर गीता भवन चौराहा स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

# पंजाब में गेहूं की खरीद 17 लाख टन पहुंची

चंडीगढ़। पंजाब में गेहूं की आवक के गति पकड़ने के साथ बुधवार को गेहूं की खरीद 17 लाख टन तक पहुंच गयी।

राज्य के अधिकांश हिस्सों में गेहूँ की आवक बढ़ने से राज्य खरीद एजेंसियों ने खरीद और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) भुगतान के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि कल गेहूं की कुल खरीद 17 लाख टन तक पहुंच गई जो पिछले पंद्रह वर्षों में आज की तिथि तक सबसे अधिक खरीद है। प्रवक्ता के अनुसार इस साल राज्य सरकार ने अब तक 828 करोड़ रुपए के एमएसपी भुगतान को सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा कर दिया है। विभाग ने 871 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भुगतान भी मंजूर कर लिए हैं और शनिवार को बैंक खुलते ही किसानों के खातों में यह राशि जमा कर दी जाएगी, उन्होंने कहा कि 14 और 15 अप्रैल को बैंक में अवकाश होने के कारण कोई भुगतान संभव नहीं होगा। प्रवक्ता ने कहा कि आज मौजूदा सीजन में एक दिन की सबसे ज्यादा 4.7 लाख टन की खरीद हुई है। उन्होंने कहा कि दिन के अंत तक न बिकी हुई गेहूं की मात्रा दिन के आगमन की तुलना में बहुत कम है, जो उस दक्षता का पर्याप्त प्रमाण है जिसके साथ खरीद हो रही है। गेहूँ की वैश्विक मांग में वृद्धि पर उन्होंने कहा कि एक लाख टन गेहूं की अब तक की रिकॉर्ड निजी खरीद पहले ही हो चुकी है, जो पिछले वर्षों में इसी तारीख को हुई खरीद की तुलना में बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि हर गुजरते दिन के साथ निजी खरीदारी में तेजी आ रही है।

इन रिकॉर्ड तोड़ आंकड़ों को मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा की गई सावधानीपूर्वक व्यवस्था का नतीजा बताते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और किसानों द्वारा बिक्री के लिए दिए जा रहा गेहूं की निर्बाध बिक्री की सुविधा के लिए हर संभव कदम उठाएगी।

### अधिकारियों को दिल्ली बुलाने मामले में भाजपा ने की राज्यपाल से शिकायत

चंडीगढ़। पंजाब के अधिकारियों को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कथित रूप से नयी दिल्ली बुलाने के मामले में भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से शिकायत की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी का प्रतिनिधि मंडल राज्यपाल से मिला और कानून एवं व्यवस्था के अलावा इस मुद्दे पर भी शिकायत की कि पंजाब को दिल्ली से चलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को क्या अधिकार है कि वह पंजाब के अधिकारियों को बुलाएं।

# विधायक का निजी सहायक अपहरण एवं मारपीट में गिरफ्तार

एजेंसी

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले की बेंगू विधानसभा से बाहूबली विधायक राजेंद्र सिंह बिधुड़ी के निजी सहायक सहित तीन बदमाशों को पुलिस ने आज अपहरण एवं गंभीर मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार गत रात्रि रावतभाटा पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कोटा मार्ग पर पड़े एक युवक को लहूलुहान हालत में अस्पताल भर्ती करवाया जिसने बयान दिया कि उसका नाम नीतेश पुष्पाकर निवासी कोटा है और गत रात नौ बजे वह रावतभाटा स्थित अपनी होटल पर था कि वाहन में सवार होकर आए नारायण गुर्जर निवासी रावतभाटा, रंजन सिंह निवासी बिहार एवं झारखंड निवासी जयराम ठाकुर एवं तीन अन्य ने आते ही लट्ठ वह अन्य हथियारों से मारपीट की ओर उसे कार में डाल कोटा की ओर ले गए और जमकर मारपीट करने के बाद मृत मान फैंक गये।

थानाधिकारी विक्रमसिंह ने तत्काल कार्रवाई कर तीनों नामजद को गिरफ्तार कर लिया शेष फरार की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में नारायण गुर्जर विधायक राजेंद्र सिंह बिधुड़ी का निजी सहायक है जबकि दो अन्य शराब ठेकेदार है। इनका आरोप है कि नीतेश अपनी होटल पर अवैध रूप से शराब बेचता है।

पुलिस अधीक्षक प्रीति जैन की नियुक्ति के बाद वर्षों से राजनीतिक दबाव में काम करने वाली क्षेत्रिय पुलिस अब विधायक बिधूड़ी के विरुद्ध मुखर हो गई है और ऐसा पहली बार हुआ है कि सीधे उनके खास को ही पकड़ लिया इस कार्रवाई से क्षेत्र की जनता भी राजनीतिक आतंक के विरुद्ध बोलने लगी है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक प्रीति जैन ने बेंगू विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों और चौकियों पर लगे गुर्जर अधिकारियों को हटा दिया जो अब तक बिधूड़ी एवं उनके साथियों के विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करते थे और करते थे तो कार्रवाई नहीं होती थी। पहले थानाधिकारी संजय गुर्जर के साथ बदतमीजी, बाद में देवा गुर्जर के चर्चित हत्या काण्ड में बिधूड़ी के साथियों की गिरफ्तारी तथा उनका नाम आना और अब निजी सहायक की गिरफ्तारी से सरकार की छवि खराब हुई है।

# दस-पंद्रह वर्षों में साकार होगा अखंड भारत का स्वप्न : मोहन भागवत

एजेंसी

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि आने वाले 10 से 15 वर्षों के भीतर अखंड भारत को लेकर स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद का स्वप्न साकार होने वाला है और ईश्वर की इच्छा से हम सब इसे अपनी आंखों से होता हुआ देखेंगे।

डॉ. भागवत ने बुधवार को यहां कनखल में पूर्णानंद आश्रम में ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर श्री 1008 स्वामी दिव्यानंद गिरि की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और श्री गुरुत्रय मंदिर का लोकार्पण के अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी गिरिधर, स्वामी विशोकानंद भारती, स्वामी विवेकानंद, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव रविंद्रपुरी, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद उपस्थित थे।

सरसंघ चालक ने कहा कि वेदों में आपके जो आधी-व्याधि है व्याधि का तो उच्चारण है और आधी-व्याधि का भी उच्चारण है। उन वेदों का प्रत्यक्ष आचरण करने वाले गुरु होते हैं। उन गुरुओं ने हमारे सामने जो बात रखी है अपने जीवन से रखी है, उसको नित्य स्मरण में रखा है और उसका स्मरण समाज को भी करना पड़ेगा। अर्थात् समाज जब चलेगा तो प्रेरणा संत महात्माओं की ही रहेगी। क्योंकि ईश्वर और हमारे समाज के बीच में सेतु तो संत ही है। उनके द्वारा ही हम ईश्वर को समझते हैं उनके द्वारा ही ईश्वर की इच्छा को समझते हैं ईश्वर ने हमको जो कर्तव्य दिया है उसका प्रबोधन उनके



द्वारा ही होता है प्रबोधन से, आचरण से उदाहरण से और अपनी आत्मीयता से समाज को वो ले जाए। उन्होंने कहा, संत है इसलिए प्रकट नहीं होते, पीछे रहते हैं, संतन को सीकरी का क्या काम। आवत जात पनहियाँ टूटी, बिसरि जाए हरि नाम... ऐसा उनका जीवन रहता है तो हमारे जैसों को बिठा देते हैं सामने और फिर हम पर मढ़ते हैं... फिर मढ़ते तो अच्छा लगा तो वाह वाह वाह... फिर कभी-कभी मार भी खाना पड़ता है, वो भी हमको ही खाना पड़ता है.. उसके लिए हम तैयार हैं।

डॉ. भागवत ने कहा कि संतों के प्रबोधन के अनुसार समाज को आगे बढ़ने के कार्य में बाधा नहीं पड़े, इसीलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हाथ में डंडा लेकर चौकीदार का कार्य कर रहा है और डॉ. हेडगेवार ने यह काम हमें दिया है।

उन्होंने कहा, आप जो सोच रहे हैं उसको पूरा करने के लिए आपका प्रबोधन, समाज को ऐसा रखना, ये तो चलते रहेगा, उस समय हाथ में डंडा लेकर आपके इस कार्य में बाधा न पड़े ये चौकीदारी का काम डॉ. हेडगेवार ने हमको दिया है.. वो हम करते रहेंगे।

सरसंघचालक ने कहा, यह कार्य करते समय हमें थोड़ा बहुत जो बाहर का अनुभव है उसके आधार पर मैं देख रहा हूं कि हम सब लोगों का ये उद्यम चलेगा, मिलकर चलेंगे, बिना झंझट चलेंगे। ईश्वर की इच्छा है, ये होने वाला है। आप चाहो, ना चाहो, ये होने वाला है। हम आपके मन को उसको साकार करने के लिए उद्दत करते रहेंगे। उन्होंने कहा, इतना मंतव्यनिष्ठ होकर समाज चले, आप उसको ऐसा चलाएंगे आप अपने उदाहरण से इसको ऐसा बनायेंगे हम हमेशा आपके मंतव्यों को साकार करने के लिए उद्यमरत रहेंगे, समय लगेगा, एकदम सारी बाते नहीं होती जितना बताया गया है मेरे पास बिल्कुल सत्ता नहीं है, इसलिए मेरे पास कभी-कभी सत्ता आ जाती है। मेरे पास कुछ नहीं है, जो है वह जनता के पास है। जनता का अंकुश चलता है। वो तैयार होते हैं तो सबकी चाल बदल जाती है।

उन्होंने कहा, जनता को तैयार हम भी कर रहे हैं आप भी करिए। हम उदाहरणस्वरूप बनकर मिलकर ठीक ऐसे ही चलेंगे। ऐसे ही मिलकर चलेंगे, बिना हारे चलेंगे। बिना डरे चलेंगे। सफल होकर चलेंगे। हम अहिंसा की ही बात करेंगे लेकिन हाथ में डंडा लेकर चलेंगे और डंडा दिखने में ऐसा भारी होगा... क्योंकि हमारे मन में कोई द्वेष भाव नहीं है, कोई शत्रुता नहीं है। दुनिया ऐसे ही मानती है। हम क्या करें। दुनिया शक्ति को मानती है। अपनी शक्ति है, होनी चाहिए। दिखनी चाहिए। ये जागरुक रहकर हम चलेंगे और चल ही रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### रेस्तरां में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद लगी भीषण आग, 13 लोग झुलसे, कई की हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गुरुवार को एक बार फिर आग ने तांडव मचाया है। साउथ ईस्ट दिल्ली के जामिया इलाके में स्थित एक फास्ट फूड रेस्तरां में सिलेंडर ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई है। हादसे में 13 लोग झुलस गए, जिसमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को पास के होली फैमिली अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। इससे कुछ देर पहले पंजाबी बाग के एक रेस्तरां में भीषण आग लग गई थी। आग ने इतना भयानक रूप ले लिया कि थोड़ी देर में पूरा रेस्तरा जलकर राख हो गया। यहां पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची थी, लेकिन आग भंयकर होने के कारण रेस्तरा की आग बुझाने के लिए 12 गाड़ियों को लगाया गया। फिलहाल, आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस के मुताबिक यह रेस्तरां चार मंजिला है और इसमें कार पार्किंग की सुविधा भी है। पुलिस के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट होने के कारण गी और पूरे रेस्तरां में फैल गई। वहीं, दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि हमें अपराह्न करीब 1:35 बजे पंजाबी बाग में क्लब रोड पर ट्रॉय लाउंज एवं बार में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

### मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के बाहर मिला लावारिस बैग

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गुरुवार रात एक लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन के बाहर गुरुवार शाम एक लावारिस बैग मिला जिसकी सूचान पाते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात हो गई। इसके अलावा, बम स्क्वायड की टीम और फायर ब्रिगेड की तमाम गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल बम स्क्वायड टीम मेट्रो स्टेशन के आसपास छानबीन कर रही है।

### रोडवेज बस चालक के साथ मारपीट करने वाले टैक्सी चालक सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

ग्रेटर नोयडा। गुरूवार को गौतमबुद्धनगर पुलिस के ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो प्राप्त हुआ जिसमें एक टैक्सी में सवार दो युवकों के द्वारा रोडवेज ड्राइवर के साथ बदतमीजी व मारपीट की जा रही थी। जिसका तुरंत संज्ञान लेते हुए जानकारी करने पर पता चला की थाना दनकौर क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे पर फार्मूला वन के पास नोएडा से मथुरा जाते समय रोडवेज बस नंबर यूपी 32 एलएन 3720 के चालक लोकेश पुत्र सतवीर सिंह निवासी खैर अलीगढ़ के साथ गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर टैक्सी नंबर एचआर 55 वाई 2428 के ड्राइवर कासिम व रानू निवासी मेहंदीपुर थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर द्वारा मारपीट की गई थी। पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त टैक्सी को कब्जे में लेकर मारपीट करने वाले ड्राइवर रानू पुत्र मंसूर निवासी मेहंदीपुर व गाड़ी में सवार एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में 15 माह से वांछित 25,000 रूपये का इनामी को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बादलपुर पुलिस ने गुरुवार को गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में 15 माह से वांछित 25,000 रूपये का इनामी अभियुक्त लोकेश पुत्र धन्नी निवासी ग्राम पूरी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को थाना बादलपुर क्षेत्र के तिमुही पुलिया से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।अभियुक्त थाना बादलपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 14/2021 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में विगत 15 माह से वांछित चल रहा था एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त सैन्ट्रल नोएडा द्वारा 25,000 रूपये का इनाम घोषित था।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की पाँच मोटरसाइकिल सहित अवैध असलहा बरामद



ग्रेटर नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो अभियुक्तों ललित पुत्र हरीराम निवासी ग्राम बुढेड़ा थाना राजेन्द्र पार्क जिला गुरूग्राम हरियाणा, आकाश पुत्र राजू निवासी रिच्छपालगढ़ी थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर को हनुमान चौक से भूटानी की ओर जाने वाले सर्विस रोड से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की पाँच मोटइसाइकिल और एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।अभियुक्तों द्वारा उक्त सभी मोटरसाइकिल दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के आस-पास से चोरी की गई है। दो मोटरसाइकिल थाना विजयनगर, गाजियाबाद व थाना राजेन्द्र पार्क,गुडगांव क्षेत्र से चोरी की गई है अन्य के बारे में जानकारी की जा रही है।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त राशन कार्ड धारकों के लिए आवश्यक सूचना

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्धनगर जिले के जिलाधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतमबुद्धनगर चमन शर्मा ने जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि यदि राशन कार्ड धारक ऐसी श्रेणी में आते हो कि परिवार का कोई एक सदस्य आयकर दाता है, परिवार के किसी भी सदस्य के स्वामित्व में चार पहिया वाहन अथवा ट्रैक्टर अथवा हार्वेस्टर अथवा एसी अथवा 5 केवीए या उससे अधिक क्षमता का जनरेटर है। ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे परिवार जिसके किसी भी सदस्य के पास अकेले या अन्य सदस्य के स्वामित्व में 5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि है नगरीय क्षेत्र के ऐसे परिवार जिस के किसी भी सदस्य के पास अकेले अन्य सदस्यों के साथ 100 वर्ग मीटर से अधिक का स्वअर्जित आवासीय प्लॉट या उस पर निर्मित मकान अथवा 100 मीटर से अधिक कॉर्पोरेट एरिया का आवासीय फ्लैट है एवं ऐसे परिवार जिस के किसी भी सदस्य के स्वामित्व के साथ 80 वर्ग मीटर या उससे अधिक कॉरपोरेट्स एरिया का व्यवसायिक स्थान है। ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे परिवार जिसके समस्त सदस्यों की आय 2 रुपये लाख वार्षिक से अधिक है। नगरी क्षेत्र में ऐसे परिवार जिसके समस्त सदस्यों की आय 3 लाख रुपये वार्षिक से अधिक है ऐसे परिवार जिनके सदस्य के पास एक से अधिक शस्त्र का लाइसेंस/शस्त्र है ऐसे व्यक्ति/परिवार पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय अन्न योजना के पात्र नहीं हैं। अत: उपरोक्त श्रेणी में आने वाले समस्त राशन कार्ड धारक एक सप्ताह के अंदर अपने नजदीकी क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय अथवा जिला पूर्ति कार्यालय में जाकर अपना राशन कार्ड समर्पित कर दें अन्यथा जांच में अपात्र पाए जाने पर उनका राशन कार्ड निरस्त करने के साथ-साथ ऐसे परिवार के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा जब से वह परिवार खाद्यान्न ले रहा है तब से खाद्यान्न का आकलन करते हुए 24 रुपये प्रति किलोग्राम गेहूं तथा 32 रु किलोग्राम की दर से चावल की वसूली की जाएगी।

# दिल्ली में कोरोना वायरस के 325 नए मरीज मिले, एक्टिव केस 900 के पार

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, गुरुवार को 3 मार्च के बाद सबसे ज्यादा मामले सामने आए। हालांकि संक्रमण दर में कुछ कमी दर्ज हुई है। वहीं राहत की बात है कि कोरोना के कारण किसी मरीज की मौत भी नहीं हुई।

दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गुरुवार को कोरोना के 325 नए मामले सामने आए। इससे पहले 3 मार्च को 326 मामले सामने आए थे। गुरुवार को 224 मरीजों को छुट्टी दी गई। दिल्ली में कोरोना की जांच के लिए बुधवार को 13576 टेस्ट हुए जिसमें 2.39 फीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली में अभी तक 1867206 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से 1840133 मरीज ठीक हो गए हैं, जबकि 26158 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। दिल्ली में कोरोना से मृत्युदर 1.4



फीसदी है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिल्ली में कोरोना के बढ़कर 915 हो गए हैं। इनमें से होम आइसोलेशन में 574 और अस्पतालों में 16 कोरोना संक्रमित मरीज भर्ती हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीजों में से 4 आईसीयू में और 8 ऑक्सीजन सपोर्ट्स पर भर्ती हैं। विभाग के अनुसार दिल्ली में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच कंटेन्मेंट जोन की संख्या घट रही है। इनकी संख्या अब 700 रह गई है।

**20 अप्रैल को डीडीएमए की बैठक**

दिल्ली में कोविड-19 के मामलों में तेजी को देखते हुए दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के उपायों पर विचार करने के लिए 20 अप्रैल को एक बैठक करेगा। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक अगले हफ्ते बुधवार को उपराज्यपाल की अध्यक्षता में होगी।

बैठक में मौजूदा कोविड स्थिति पर चर्चा होगी, जिनमें मामलों की संख्या में हालिया वृद्धि भी शामिल है। इससे पहले दिन में, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार कोविड की स्थिति पर नजर रख रही है।

# उपाध्यक्ष-पालिका परिषद् ने नवयुग स्कूल-पेशवा रोड का दौरा किया

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय ने निदेशक(शिक्षा), श्री आर.पी.सती, स्कूल की प्रधानाचार्य, शिक्षकों एवं एनडीएमसी के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नवयुग स्कूल, पेशवा रोड का दौरा किया।

उपाध्याय ने कहा कि कोविड महामारी के बाद से एनडीएमसी स्कूलों के खुलने पर यह मेरा पहला दौरा है। उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की। श्री उपाध्याय ने कहा कि लंबे समय के बाद अपने स्कूलों में ऑफ़लाइन शिक्षा और हम एक खुशी का माहौल बनाने और ऑफ़लाइन शिक्षा के लिए छात्रों और शिक्षकों की भावनात्मक भलाई सुनिश्चित करने का हम प्रयास कर रहे हैं।

उपाध्याय ने विद्यालय का दौरा करने के बाद कहा कि मैं छात्रों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं से संतुष्ट नहीं हूँ। उन्होंने कहा की स्कूलों के बुनियादी ढांचे के उत्थान की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने पाया कि शौचालय गंदे हैं और खेल के मैदान में घास का अभाव है।

उपाध्याय ने स्कूल की भौतिकी और रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का भी दौरा किया और उसे भी असंतोषजनक पाया। उन्होंने स्कूल के पुस्तकालय का दौरा किया है जो मानक स्तर तक नहीं पाया जाता है। उन्होंने छात्रों को दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की परिषद् द्वारा दी जाने वाली मिड-डे मील में भी और सुधार की आवश्यकता है क्योंकि भोजन बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाता है।

उपाध्याय ने पाया कि स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जो बच्चों की सुरक्षा बनाए रखने के लिए एक बुनियादी जरूरत है।

उपाध्याय ने शिक्षकों से भी बातचीत की और सुविधाओं और अध्ययन सामग्री पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्रों के सुधार या बेहतरी के लिए उपकरणों की आवश्यकता होती है।

उपाध्याय सभी कमियों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधितों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कार्य स्थलों पर और विशेषकर विद्यालयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी विभाग द्वारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा की मूलभूत सुविधाओं के अभाव में हम बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते।

उपाध्याय ने कहा कि इस प्रकार के औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने कहा की इस तरह की व्यवस्था या व्यवहार नहीं चलेगा।

### दनकौर पुलिस ने घर से लाइसेंसी पिस्टल व सामान चोरी करने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने बुधवार को घर से लाइसेंसी पिस्टल व सामान चोरी करने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों सौरव कांत पुत्र अमर सिंह निवासी नेहरुपुर, खुर्जा नगर बुलन्दशहर, महेश पुत्र धन्नी सिंह निवासी हजरतपुर थाना खुर्जा देहात जिला बुलन्दशहर को थाना क्षेत्र के दलेलगढ़ पुलिया सिकन्द्राबाद रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किया गया पिस्टल मय दो मैगजीन व एक जिन्दा कारतूस और एक तमंचा मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।गौरतलब है कि 25/26 अप्रैल 2021 की रात्रि को अभियुक्त सूरज पुत्र राजपाल निवासी ग्राम नेहरूपुर थाना खुर्जा नगर जिला बुलन्दशहर ने अपने साथियों के साथ मिलकर ग्रीष्म कॉलोनी खेरली हाफिजपुर से कृष्णपाल पुत्र दुलीचन्द के घर का ताला तोड़कर एक लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर व कीमती सामान की चोरी कर लिया था। जिसके सम्बन्ध में थाना दनकौर पर मुकदमा अपराध संख्या 127/21 धारा 457,380 भादवि के तहत पंजीकृत है। अभियुक्तों द्वारा पिस्टल 32 बोर को अभियुक्त सौरव कांत पुत्र अमर सिंह निवासी नेहरुपुर खुर्जा नगर बुलन्दशहर को 20,000 रुपये मे बेच दिया गया था तथा 20,000 रुपयों को आपस मे बराबर बाँट लिया गया था। 13 अप्रैल 2022 को अभियुक्त सौरव कांत व महेश को दलेलगढ़ पुलिया सिकन्द्राबाद रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है इनके विरुद्ध जनपद बुलन्दशहर में भी कई मुकदमें पंजीकृत है। अभियुक्त सूरज व उसके अन्य साथियों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया था।

## एनसीआर के स्कूलों में कोरोना का कहर, 72 घंटे में 35 छात्र और टीचर्स हुए संक्रमित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को नोएडा और गाजियाबाद के स्कूलों से 12 और कोविड मामलों की पुष्टि की है। इसके बाद एनसीआर में पिछले 72 घंटों में कोरोना संक्रमित छात्रों और शिक्षकों की कुल संख्या लगभग 35 तक पहुंच गई है। माता-पिता के संघों ने दावा किया कि ज्यादातर स्टूडेंट्स में लक्षण दिखने के बाद घर पर टेस्ट पॉजिटिव पाया गया है।

हालांकि इस बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसा ही एक मामला गाजियाबाद के वसुंधरा के सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में सामने से आया है, जिसमें प्रेरेंट्स ने क्लास 10 के एक स्टूडेंट के पॉजिटिव टेस्ट के बारे में सूचित किए जाने के बाद रविवार तक ऑफ़लाइन कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं।

स्कूल की निदेशक और प्रधान अध्यापक शालिनी नांबियार ने कहा, %मैं उन पेरेंट्स को धन्यवाद करती हूं जिन्होंने हमें सूचित करने में तत्परता दिखाई। एहतियात के तौर पर स्कूल प्रबंधन ने बुधवार को 17 अप्रैल तक स्कूल बंद करने का फैसला किया। हम स्थिति का आकलन करेंगे और सोमवार को स्कूल (ऑफलाइन कक्षाओं के लिए) को फिर से खोलने का फैसला करेंगे।

बता दें कि स्टूडेंट्स के साथ-साथ टीचर्स के बीच कोविड के मामले सामने आने के बाद खेतान (नोएडा), केआर मंगलम और सेंट फ्रांसिस (दोनों गाजियाबाद) के बाद एनसीआर में इस सप्ताह कैंपस की कक्षाओं को बंद करने वाला यह चौथा स्कूल है।

दिल्ली से सटे नोएडा- गाजियाबाद के स्कूली छात्रों में कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है। पिछले चार दिन में कोरोना से 35 छात्र और शिक्षक के रूप में नए मामले सामने आए हैं जिसके बाद से स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है और निजी स्कूलों को एडवाइजरी जारी की है।

## अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन से युवती ने लगाई छलांग, सीआईएसएफ कर्मी की सूझबूझ से बची जान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन पर गुरुवार सुबह उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब एक युवती प्लेटफार्म नंबर 2 पर चढ़ गई। युवती को प्लेटफार्म से नीचे करीब 50 फीट छलांग लगाने का प्रयास करते देख वहां तैनात सीआईएसएफ कर्मी ने वायरलेस पर अलर्ट जारी किया। मौके पर सीआईएसएफ कर्मियों की एक टीम युवती का ध्यान बंटाने लगी। वहीं दूसरी ओर सीआईएसएफ ने आसपास से किसी तरह एक कंबल जुटाया और नीचे युवती को बचाने के लिए तैनात हुई।

जानकारी के मुताबिक अभी ऊपर मौजूद सीआईएसएफ कर्मी युवती को सुरक्षित स्थान पर आने के लिए कह रही रहे थे कि उसने आव देखा न ताव और प्लेटफार्म से 50 फीट से नीचे छलांग लगा दी। गनीमत यह रही कि नीचे कंबल लिए खड़ी सीआईएसएफ कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए किसी तरह युवती को बचा लिया। अधिक ऊंचाई से गिरने से युवती के दोनों पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट आई है।

वह नीचे गिरते ही बदहवास हो गई थी। मेट्रो पुलिस के मुताबिक युवती को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी पहचान कर उसके परिजनों को मामले की सूचना दी दी गई है। परिजनों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उसने आत्महत्या का प्रयास क्यों किया। युवती की हालत अब स्थिर है। मनोचिकित्सक भी उसकी निगरानी कर रहें हैं और उसका पुराना मेडिकल रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

**कैसे पहुंची युवती**

सीआईएसएफ कर्मी की सूझबूझ से युवती की जान बच सकी। मेट्रो पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। युवती प्लेटफार्म से जहां नीचे कूदी है वहां तक कैसे पहुंची सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से इसका पता लगाया जा रहा है। जिससे की आगे ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## अंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए दी गई श्रद्धांजलि

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

ग्रेटर नोएडा। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारी सुहास एल वाई के निर्देश पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुरुवार को अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों तथा कलेक्ट्रेट के स्टाफ के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें पुष्पांजलि भेंट की गई। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से



प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के महापुरुष हैं। उन्होंने भारत के संविधान निर्मित होने में जो योगदान दिया है वह अनुकरणीय है। साथ ही उनका जीवन चरित्र हम सभी को सब के साथ एक जैसा व्यवहार करने की प्रेरणा देता है। आज हम सभी को उनके आदर्शों का अनुकरण करने का संकल्प लेते हुए अपनी कार्यप्रणाली में उन्हें अनुकरण करना चाहिए ताकि भारत देश एवं समाज का और अधिक विकास तेजी से आगे बढ़ सके। इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह, डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। विकास भवन में जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र का अनावरण करते हुए जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, डीएसटीओ हेमंत कुमार तथा अन्य अधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन चरित्र पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

### असामाजिक तत्वों ने आंबेडकर की प्रतिमा को पहुंचाया नुकसान, इलाके में तनाव

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर के छीजारसी गांव में स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने बृहस्पतिवार सुबह क्षतिग्रस्त कर दिया। डॉ आंबेडकर की आज जयंती है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) इला मारन ने बताया कि छीजारसी गांव में डॉ आंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया,जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हालात सामान्य बनाए रखने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है, स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने बताया कि मौके पर दूसरी प्रतिमा लगाई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कोई जज सुनवाई से खुद को अलग करता है तो इसका सम्मान होना चाहिए : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। उच्च न्यायालय ने कहा है कि 'जब कोई न्यायाधीश किसी मामले की सुनवाई से खुद को अलग करता है तो किसी भी वादी-प्रतिवादी या तीसरे पक्ष को इसके कारणों के बारे में जानने या सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है।' न्यायालय ने कहा है कि यदि कोई न्यायाधीश मामले की सुनवाई से खुद को अलग करता है तो इसका सम्मान किया जाना चाहिए, भले ही इसकी वजह सा विस्तार से या संक्षिप्त में खुलासा किया गया हो या नहीं।

जस्टिस आशा मेनन ने कहा कि न्यायाधीश पर इस तरह के कारणों को सार्वजनिक करने के लिए दवाब नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'जब यदि एक न्यायाधीश जो मामले से अलग होने के बारे में कारणों का खुलासा करने से इनकार करता है, तो एक शिकायत के जरिए इसकी जांच




की मांग की जाती है, जिसे अदालत के समक्ष एक वादी पूछताछ के बहाने शुरू करने का विकल्प चुनता है, तो न्यायाधीश के लिए एक मुश्किल स्थिति में होगा।

न्यायालय ने कहा है कि एक न्यायाधीश द्वारा मामले की सुनवाई से अलग होने के बारे में,खासकर एक वादी द्वारा इसके कारणों के बारे में जानकारी मांगना या जांच की मांग करता, न्याय देने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप होगा। न्यायालय ने कहा है कि मामले की सुनवाई होने के कारणों का खुलासा करना है या नहीं, संबंधित न्यायाधीश के विवेक पर निर्भर करता है। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी 16 जुलाई, 2020 को पारित विशेष न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए की है। याचिका में, एक मामले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट को एक मामले की सुनवाई में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दवाब बनाने से जुड़े मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई थी। अज्ञात व्यक्ति द्वारा मामले की सुनवाई प्रभावित करने को लेकर दवाब बनाने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इस मामले में न्यायालय ने याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए उइ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की रकम दिल्ली उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में एक सप्ताह के भीतर जमा कराने को कहा है।


## द श्रीराम वंडर्स इयर्स रोहिणी में उत्साह से मनाई गई बैसाखी







**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**



नई दिल्ली। रोहिणी स्थित विद्यालय 'द श्रीराम वंडर्स इयर्स' में बैसाखी के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए बैसाखी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने पारम्परिक परिधान पहनकर, ढोल-बाजे के साथ पारम्परिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुती दी। इसके साथ ही विद्यालय परिसर को बच्चों के लिए पीले फूलों और पतंगों से सजाया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने बच्चों का उत्सावर्धन किया और यहां आये अभिभावकों ने भी बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। द श्रीराम वंडर्स इयर्स विद्यालय की प्रमुख शुभी सोनी ने कहा, ''बैसाखी सम्पन्नता और खुशियों का त्योहार है, हमने इसकी खुशी के साथ बच्चों को जोड़ने का प्रयास किया। बच्चों ने भी इस उत्सव का आनंद उठाया और इस पर्व के महत्व को जाना। बच्चों और उनके अभिभावकों ने जिस उत्साह से इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया हम उसकी प्रशंसा करते हैं।''

## संपादकीय

# आज भी प्रासंगिक हैं बाबा साहेब के विचार

सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले डॉ. भीमराव आम्बेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ऊंच-नीच, भेदभाव एवं अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। वह कहते थे- न्याय हमेशा समानता के विचार को पैदा करता है। संविधान, यह एक मात्र वकीलों का दस्तावेज नहीं, यह जीवन का एक माध्यम है। अपने विचारों और कृत्तव के कारण वह दलितों के मसीहा बन गए। उन्हें बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है। मध्य प्रदेश के महू में 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे भीमराव आम्बेडकर रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की चौदहवीं संतान थे। वह हिंदू महार जाति से संबंध रखते थे, जो अछूत कहे जाते थे। इसके कारण उनके साथ भेदभाव किया जाता था। उनके पिता भारतीय सेना में सेवारत थे। पहले भीमराव का उपनाम सकपाल था, लेकिन उनके पिता ने अपने मूल गांव अंबाडवे के नाम पर उनका उपनाम अंबावडेकर लिखवाया, जो आगे चलकर आम्बेडकर हो गया। पिता की सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका परिवार महाराष्ट्र के सतारा में चला गया। उनकी मां की मृत्यु के पश्चात उनके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया और बंबई में जाकर बस गए। यहीं उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। वर्ष 1906 में मात्र 15 वर्ष की आयु में उनका विवाह नौ वर्षीय रमाबाई से कर दिया गया। वर्ष 1908 में उन्होंने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने बॉम्बे के एल्फिनस्टोन कॉलेज में दाखिला लिया। उन्हें गायकवाड़ के राजा सहयाजी से 25 रुपये मासिक की छात्रवृत्ति मिलने लगी थी। वर्ष 1912 में उन्होंने राजनीति विज्ञान व अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि ली। इसके पश्चात उच्च शिक्षा के लिए वह अमेरिका चले गए। वर्ष 1916 में उन्हें उनके एक शोध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात वह लंदन चले गए, किन्तु उन्हें बीच में ही लौटना पड़ा। आजीविका के लिए इस समयावधि में उन्होंने कई कार्य किए। वह मुंबई के सिडनेम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनोमिक्स में राजनीतिक अर्थव्यवस्था के प्राध्यापक भी रहे। इसके पश्चात एक बार फिर वह इंग्लैंड चले गए। वर्ष 1923 में उन्होंने अपना शोध 'रुपये की समस्याएं' पूरा कर लिया। उन्हें लंदन विश्वविद्यालय द्वारा 'डॉक्टर ऑफ साईंस' की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें ब्रिटिश बार में बैरिस्टर के रूप में प्रवेश मिल गया। स्वदेश वापस लौटते हुए भीमराव आम्बेडकर तीन महीने जर्मनी में रुके और बॉन विश्वविद्यालय में उन्होंने अपना अर्थशास्त्र का अध्ययन जारी रखा। उन्हें 8 जून, 1927 कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रदान की गई। भीमराव आम्बेडकर को बचपन से ही अस्पृश्यता से जूझना पड़ा। विद्यालय से लेकर नौकरी करने तक उनके साथ भेदभाव किया जाता रहा। इस भेदभाव और निरादर ने उनके मन को बहुत ठेस पहुंचाई। उन्होंने अस्पृश्यता के समूल नाश के लिए कार्य करने का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि नीची जाति व जनजाति एवं दलित के लिए देश में एक भिन्न चुनाव प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने देशभर में घूम-घूम कर दलितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने वर्ष 1936 में स्वतंत्र मजदूर पार्टी की स्थापना की। अगले वर्ष 1937 के केन्द्रीय विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 15 सीटों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने इस दल को ऑल इंडिया शिड्यूल कास्ट पार्टी में परिवर्तित कर दिया। वह वर्ष 1946 में संविधान सभा के चुनाव में खड़े हुए, किन्तु उन्हें असफलता मिली। वह रक्षा सलाहकार समिति और वाइसराय की कार्यकारी परिषद के लिए श्रम मंत्री के रूप में सेवारत रहे। वह देश के पहले कानून मंत्री बने। उन्हें संविधान गठन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। भीमराव आम्बेडकर समानता पर विशेष बल देते थे। वह कहते थे- अगर देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म-शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए। हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें, जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है जो हमारे मौलिक अधिकारों के विरोधी हैं।

# 'इस्लाम' की अव्यवस्थाओं के कठोर आलोचक थे बाबा साहेब

**लोकेन्द्र सिंह**

बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर द्वारा की गई हिन्दू धर्म की आलोचनात्मक टीकाओं को खूब उभारा जाता है, इसके पीछे की मंशा ठीक नहीं होती। बाबा साहेब ने हिन्दू धर्म में व्याप्त जातिप्रथा, जातिगत भेदभाव और उसके लिए जिम्मेदार प्रसंगों की आलोचना की, उसके मानवीय कारण हैं। उनकी आलोचनाओं को हिन्दू समाज ने स्वीकार भी किया क्योंकि उन आलोचनाओं के पीछे पवित्र नीयत थी। किन्तु जो लोग हिन्दू धर्म को लक्षित करके नुकसान पहुँचाने के लिए बाबा साहेब के कंधों का दुरुपयोग करने का प्रयत्न करते हैं, वे भूल जाते हैं कि बाबा साहेब ने सिर्फ हिन्दू धर्म की कमियों की ही आलोचना नहीं की, बल्कि उन्होंने ईसाई और इस्लाम संप्रदाय को भी उसके दोषों के लिए कठघरे में खड़ा किया है। 'बहिष्कृत भारत' में 1 जुलाई, 1927 को लिखे अपने लेख 'दुःख में सुख' में बाबा साहेब लिखते हैं- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र आदि प्रकार के भेद सिर्फ हिन्दू धर्म में ही हैं, ऐसी बात नहीं, बल्कि इस तरह के भेद ईसाई और इस्लाम में भी दिखाई देते हैं। इस्लाम पर तो बाबा साहेब ने खूब कलम चलाई है। परंतु यहाँ तथाकथित प्रगतिशील बौद्धिक जगत एवं अन्य लोगों की बौद्धिक चालाकी उजागर हो जाती है, जब वे इस्लाम के संबंध में बाबा साहेब के विचारों पर या तो चुप्पी साध जाते हैं या फिर उन विचारों पर पर्दा डालने का असफल प्रयास करते हैं। आज बाबा साहेब होते तो वे निश्चित ही 'भीम-मीम' का खोखला, झूठा और भ्रामक नारा देने वालों को आड़े हाथों लेते।

इस्लाम के विषय पर बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का गहरा अध्ययन था। दरअसल, उन्होंने जब हिन्दू धर्म छोडने् की घोषणा की तो उसके बाद उन्होंने सिख, इस्लाम, ईसाई और बौद्ध धर्म का बहुत अध्ययन किया। जब तक उन्होंने इस्लाम का अध्ययन नहीं किया था, तब तक अवश्य ही उन्होंने एक-दो बार हिन्दुओं को चेतावनी देने के लिए कहा कि अस्पृश्य वर्ग के लोग इस्लाम स्वीकार करें, तो यही सवर्ण हिन्दू उन्हें गले लगाने लग जाएंगे। 'बहिष्कृत भारत' के 15 मार्च, 1929 के अंक में तो उन्होंने एक लेख ही लिख दिया था, जिसमें उन्होंने अस्पृश्य वर्ग को कह दिया कि यदि हिन्दू धर्म में रहते हुए आपको सम्मान एवं समान अधिकार नहीं मिल रहे और आपको धर्म परिवर्तन ही करना हो तो मुसलमान हो जाईए। परंतु जैसे-जैसे बाबा साहेब इस्लाम का अध्ययन करते गए, इस्लाम के प्रति उनकी दृष्टि बदल गई। उसके बाद उन्होंने अस्पृश्य वर्ग के बंधुओं को समझाना शुरू किया कि मुसलमान बनने पर हम भारतीयता की परिधि से बाहर चले जाएंगे, हमारी राष्ट्रीयता संदिग्ध हो जाएगी। इसके साथ ही बाबा साहेब यह भी मानते थे कि यदि वे इस्लाम स्वीकार करते हैं तो मुसलमानों की संख्या इस देश में दूनी हो जाएगी और मुस्लिम प्रभुत्व का खतरा उत्पन्न हो जाएगा। अर्थात् बाबा साहेब मुसलमानों की बढ़ती संख्या को देश के लिए संकट के तौर देखते थे। इसलिए बाबा साहेब ने न केवल समय-समय पर इस्लाम की आलोचना की है, बल्कि अल्पसंख्यक के नाम पर मुस्लिम तुष्टीकरण करने के सभी प्रकार के प्रयासों का भी विरोध किया है।

18 जनवरी, 1929 को 'नेहरू कमेटी की योजना और हिन्दुस्थान का भविष्य' इस शीर्षक से उनका एक अग्रलेख 'बहिष्कृत भारत' में प्रकाशित हुआ है। कांग्रेस के अग्रणी नेता मोतीलाल नेहरू ने भारत के भावी संविधान का एक मसौदा प्रस्तुत किया। कांग्रेस के प्रचार तंत्र के जरिये जोर-शोर से यह बताया जा रहा था कि नेहरू कमेटी समिति का यह मसौदा कितना अच्छा है।

# दलित मसीहा एवं क्रांतिकारी महामानव थे डॉ. भीमराव अम्बेडकर

बाबा साहेब के नाम से दुनियाभर में लोकप्रिय डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, क्रांतिकारी योद्धा, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे।

दुनिया-जहान और विशेषत: भारत की परिस्थितियों को एक संतुलित, भेदभावरहित एवं समतामूलक समाज की निगाह से देखने एवं दलित जाति के साथ जुड़े सामाजिक और आर्थिक भेदभावों को समाप्त करने के लम्बे संघर्ष के लिये पहचाने जाने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर इसी अप्रैल महीने में जन्मे थे। मानव जाति के इतिहास में कभी कोई ऐसा युग नहीं गुजरा, जब किसी ने अपने तर्क, कर्म एवं बुद्धि के बल पर तत्कालीन रूढ़िवादी मान्यताओं, जातीय भेदभाव एवं ऊंचनीच की धारणाओं पर कड़ा प्रहार न किया हो। मनुष्य सदैव सत्य की तलाश में निरन्तर प्रयासरत रहा है और ऐसे ही समस्त जातिगत भेदभाव एवं असामनता पर प्रहार करने एवं उनको नेतृत्व देने के लिये डॉ. अम्बेडकर को याद करना एक आदर्श एवं संतुलित समाज निर्माण के संकल्प को बल देना है। बाबा साहेब के नाम से दुनियाभर में लोकप्रिय डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज सुधारक, दलित राजनेता, महामनीषी, क्रांतिकारी योद्धा, लोकनायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व होने के साथ ही विश्व स्तर के विधिवेत्ता व भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। डॉ. अम्बेडकर विलक्षण एवं अद्वितीय प्रतिभा के धनी थे, उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण-कामना, संतुलित समाज रचना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के अस्सी प्रतिशत दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें इस अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अम्बेडकर का जीवन संकल्प था। वे भारतीय राजनीति की एक धुरी की तरह थे, जो आज दुनियाभर के लिये एक अत्यंत महत्वपूर्ण दलित मसीहा एवं संतुलित समाज संरचना के प्रेरक महामानव है।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में एक गरीब अस्पृश्य परिवार में हुआ था। भीमराव अम्बेडकर रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14वीं सन्तान थे। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको अपना बचपन कष्टों में बिताना पड़ा। संघर्ष एवं कष्टों की आग में तपकर उन्होंने न केवल स्वयं का विकास किया वरन भारत के समग्र विकास का वातावरण निर्मित किया। वे नई मानव सभ्यता एवं संस्कृति के प्रेरक एवं पोषक थे। वे हमारे युग के महानतम नायक थे, उनके क्रियाकलापों में किंचित मात्र भी स्वार्थ नहीं था। बहु-भाषाविद्, धर्म दर्शन के विद्वान और समाज सुधारक बाबा साहेब ने भारत में अस्पृश्यता और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया।



भारत के लोग कभी इतने भयंकर दौर से नहीं गुजरे, जैसे वे स्वतंत्रता संग्राम के समय गुजरे। वे अपने आपको नितांत बेबस, असहाय और आस्था विहीन महसूस कर रहे थे। गुलामी की मानसिकता एवं पहले से चली आ रही जातीय भेदभाव एवं ऊंचनीच की विभीषिकाओं ने उनकी मानसिकता कुंठित कर दी और वे अपने आपको दिशाविहीन समझ रहे थे, ऐसे दौर में डॉ. अम्बेडकर एक रोशनी बन कर प्रकट हुए। उनके नेतृत्व में धन सम्पन्न एवं ऊंची जाति के लोगों द्वारा बड़ी क्रूरता से अपने पैरों तले रौंदा हुआ दलित एवं मजदूर वर्ग समूचे भारत में संगठित होकर एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरा। वह चाहते थे कि अछूत लोग ग्रामीण समुदाय और पारंपरिक नौकरियों के बंधन से मुक्त हों। वह चाहते थे कि अछूत लोग नए कौशल प्राप्त करें और एक नया व्यवसाय शुरू करें तथा औद्योगीकरण का लाभ उठाने के लिये शहरों की ओर रुख करें। वह चाहते थे कि अछूत खुद को राजनीतिक रूप से संगठित करें। राजनीतिक शक्ति के साथ अछूत अपनी रक्षा, सुरक्षा और मुक्ति संबंधी नीतियों को पेश करने में सक्षम होंगे। सन् 1927 में डॉ. अम्बेडकर ने छुआछूत के खिलाफ एक व्यापक आंदोलन शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने सार्वजनिक आन्दोलनों और जुलूसों के द्वारा पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी लोगों के लिये खुलवाने के साथ ही अछूतों को भी हिंदू मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष किया। बाबा साहब वर्गहीन समाज गढ़ने से पहले समाज को जातिविहीन करना चाहते थे। उनका मानना था कि समाजवाद के बिना दलित-मेहनती इंसानों की आर्थिक मुक्ति संभव नहीं।

भीमराव अम्बेडकर की मेधा एवं प्रतिभा के कारण बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने उन्हें छात्रवृत्ति देकर 1913 में विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेज दिया। उन्होंने अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मानव विज्ञान, दर्शन और अर्थ नीति का गहन अध्ययन किया। वहां पर भारतीय समाज का अभिशाप और जन्मसूत्र से प्राप्त अस्पृश्यता की कालिख नहीं थी। इसलिए उन्होंने अमेरिका में एक नई दुनिया के दर्शन किए। डॉ. अम्बेडकर ने अमेरिका में एक सेमिनार में 'भारतीय जाति विभाजन' पर अपना मशहूर शोध-पत्र पढ़ा, जिसमें उनके व्यक्तित्व की सर्वत्र प्रशंसा हुई। उनका मानना था कि सामाजिक न्याय के लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद ही आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों को हल किया जाना चाहिये। यह विचार कि आर्थिक प्रगति सामाजिक न्याय को जन्म देगी, यह जातिवाद के रूप में हिंदुओं की मानसिक गुलामी की अभिव्यक्ति है। इसलिये सामाजिक सुधार के लिये जातिवाद को समाप्त करना आवश्यक है। डॉ. अम्बेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। अपनी आर्थिक जरूरतों के लिये जीवन के आरम्भिक भाग में वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की। उनके भीतर अंगडाई ले रहे राष्ट्रीय व्यक्तित्व ने उन्हें राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय कर दिया और तब अम्बेडकर भारत की स्वतन्त्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए। उन्होंने पत्र-पत्रिकाओं को न केवल प्रकाशित किया, वरन् उनमें क्रांतिकारी लेखनी से समाज को झकझोरा, राजनीतिक अधिकारों और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत और भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

डॉ. अम्बेडकर धार्मिक विचारों के व्यक्तित्व थे, सन् 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया। डॉ. अम्बेडकर की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन के चलते उनको 1931 में लंदन में आयोजित दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। 1936 में उन्होंने स्वतंत्र लेबर पार्टी की स्थापना की जो 1937 में केन्द्रीय विधान सभा चुनावों में 15 सीटें जीतने में सफल रही। उन्होंने अपनी पुस्तक 'जाति के विनाश' भी 1937 में प्रकाशित की जो उनके न्यूयॉर्क में लिखे एक शोधपत्र पर आधारित थी। इस लोकप्रिय पुस्तक में अम्बेडकर ने हिंदू धार्मिक नेताओं और जाति व्यवस्था की जोरदार आलोचना की थी। उन्होंने अस्पृश्य समुदाय के लोगों को गांधीजी द्वारा रचित शब्द हरिजन पुकारने के कांग्रेस के फैसले की भी कड़ी निंदा की थी। वे सच्चे अर्थों में एक महान क्रांतिकारी युगपुरुष थे, जिनके जीवन का सार है कि क्रांति लोगों के लिये होती है, न कि लोग क्रांति के लिये होते हैं। जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डॉ. अम्बेडकर को देश का पहला कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डॉ. अम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. अम्बेडकर ने मसौदा तैयार करने के काम में सभी की प्रशंसा अर्जित की। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अपना लिया। 1951 में संसद में अपने हिन्दू कोड बिल के मसौदे को रोके जाने के बाद डॉ. आम्बेडकर ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। इस मसौदे में उत्तराधिकार, विवाह और अर्थव्यवस्था के कानूनों में लैंगिक समानता की मांग की गयी थी। डॉ. अम्बेडकर वास्तव में समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे और कश्मीर के मामले में धारा 370 का विरोध करते थे। बाबासाहेब अंबेडकर के परिप्रेक्ष्य में संवैधानिक नैतिकता का अर्थ विभिन्न लोगों के परस्पर विरोधी हितों और प्रशासनिक सहयोग के बीच प्रभावी समन्वय करना था। उनके अनुसार, भारत को जहाँ समाज में जाति, धर्म, भाषा और अन्य कारकों के आधार पर विभाजित किया गया है, एक सामान्य नैतिक विस्तार की आवश्यकता है तथा संविधान उस विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 1990 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। डॉ. अम्बेडकर मधुमेह से पीड़ित थे। 6 दिसंबर 1956 को उनकी मृत्यु दिल्ली में नींद के दौरान उनके घर में हो गई।

# आत्म-क्रांति के वीर महापुरुष हैं भगवान महावीर

महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। इसलिए महावीर बनना जीवन की सार्थकता का प्रतीक है। महावीर बनने का अर्थ है स्वस्थ जीवन जीना, रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करना। प्रत्येक वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयन्ती मनाते हैं, लेकिन इस वर्ष उस महान् आत्म-क्रांति के वीर महापुरुष की जयंती को कोरा आयोजनात्मक नहीं बल्कि प्रयोजनात्मक स्वरूप देना है। इसके लिये हर व्यक्ति अपने भीतर झांकने की साधना करें, महावीर को केवल पूजे ही नहीं हैं, बल्कि जीवन में धारण कर लें। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसकी जीवनशैली संयम एवं अनुशासनबद्ध हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता, संयम एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जिसके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो।

सदियों पहले महावीर जनमे, लेकिन उनका जीवन एवं उपदेश आज के संकटपूर्ण एवं अनेक व्याधियों-बीमारियों के दौर में अधिक कारगर एवं प्रासंगिक है। महावीर स्वास्थ्य-उत्क्रान्ति की एक लहर है, स्वस्थ जीवन-ज्योति की एक निर्धूम शिखा है। साहस एवं संयम का अनाम दरिया है। उनके संवादों में शाश्वत की आहट थी। उनकी जीवनशैली इतनी प्रभावी थी कि उसे एक बार जीने वाला बंध जाता। उनकी दृष्टि में ऐसी कशिश थी कि उन्हें एक बार देखने वाला भूल ही नहीं पाता। उनके स्वस्थ जीवन के आह्वान में ऐसा आमंत्रण था कि उसे अनसुना नहीं किया जा सकता। उनका मार्गदर्शन इतना सही था कि उसे पाने वाला कभी भटक ही नहीं पाता। उनकी सन्निधि इतनी प्रेरक थी कि व्यक्ति रूपान्तरित हो जाता। उन्होंने कहा 'अप्पणा सच्चमेसेज्जा'-स्वयं सत्य खोजें। वे किसी को पराई बैसाखियों के सहारे नहीं चलाते थे। अपने पैरों से चलने की क्षमता हो तो व्यक्ति जब चाहे चल सकता है और जहां चाहे, पहुंच जाता है। उन्होंने रास्ते रोशन ही नहीं किए, बल्कि भीतर की रोशनी पैदा कर दी। ये ही सब कारण हैं कि जो हमें महावीर का स्मरण दिलाते हैं।

महावीर का विश्वास स्वस्थ जीवन में था। वे अपने आप में रहते थे। दूसरों को भी अपने आप में रहना सिखाते थे। वे स्वस्थ थे। उन्हें कोई बीमारी छू नहीं कर पाई। उन्होंने स्वास्थ्य के अनेक सूत्र दिए। उनमें एक सूत्र था-कायोत्सर्ग। कायोत्सर्ग का अर्थ है शरीर की शुद्धि, शरीर की सारसंभाल, शरीर के प्रति पवित्रता एवं संयम। कायोत्सर्ग साधना का आदि बिन्दु भी है और अन्तिम बिन्दु भी है। यह स्वास्थ्य का प्रथम बोधपाठ है और अन्तिम निष्पत्ति है। यह शरीर को घेरने वाली आपात स्थितियों का रक्षा-कवच है। तनाव-विसर्जन का प्रयोग है और सब दु:खों से मुक्त करने वाला है। महावीर का साधनाकाल साढ़े बारह वर्ष का रहा। उसमें उन्होंने बार-बार कायोत्सर्ग का प्रयोग किया। सुरक्षा-कवच अथवा बुलेटप्रूफ जैकेट पहनने वाले को गोली लगने का भय नहीं रहता इसी प्रकार गहरे कायोत्सर्ग में जाने के बाद बड़ी-से-बड़ी बीमारी की प्रतिकूल परिस्थितियों का प्रभाव एवं घातक एवं प्राणलेवा हमले क्षीण हो जाता है।




# राशन कार्ड डिजी लॉकर सुविधा



**वर्तमान डिजिटल युग में सभी ज़रूरी दस्तावेजों को डिजी लॉकर सुविधा राष्ट्रीय स्तरपर देने को रेखांकित करना समय की मांग**

**भ्रष्टाचार, बिचौलियों, गड़बड़ियों को रोकने में ज़रूरी दस्तावेजों की डिजी लॉकर सुविधा की अनिवार्यता मील का पत्थर साबित होगी - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - भारत में वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी के बढ़ते ग्राफ और तेज़ी से डिजिटल भारत की ओर बढ़ते कदमों से हम नए भारत के प्रवेश द्वार तक पहुंचने में तेज़ी से सक्षम हो रहे हैं इस बात को हमें रेखांकित करना ज़रूरी है क्योंकि हर सरकारी, निजी कामों, दस्तावेजों, क्रियाओं, प्रक्रियाओं में कहीं ना कहीं हमें भ्रष्टाचार, लीकेजेस, गड़बड़ियों, बिचौलियों का सामना करना ही पड़ता है जिससे निपटने के लिए पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदारी, जवाबदेही निर्धारित करना होगा जिसका प्रबल अस्त्र डिजिटल भारत में हमें डिजिटलाइजेशन के हसते मिल चुका है बस अब ज़रूरत है इस स्तर को विस्तृत कर इस तरह से डिज़ाइन बनाया जाए के हर उस काम कार्य क्रिया को इस तरह से किया जाए कि उसमें किसी गड़बड़ी, भ्रष्टाचार, बिचौलियों का दूर-दूर तक कोई अंदेशा ही ना हो!!!

साथियों बात अगर हम राशन कार्ड डिजी लॉकर सुविधा की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ज्ञात हुआ है कि भारत के सबसे बड़े राज्य में राशन कार्ड डिजी लाकर सुविधा पर तेज़ी से कार्य चल रहा है जिसमें राज्य के 3.60 करोड़ राशन कार्ड धारक इस सुविधा के अंतर्गत आएंगे जिसमें उन कार्ड धारकों को जबरदस्त सुविधा और फायदे होंगे इस योजना को राज्य सरकार अपनी नई सरकार के प्रथम सव दिनों के कार्यकाल में पूर्ण करने पर विचार कर रही है ऐसी जानकारी मीडिया से आ रही है जो काबिले तारीफ है!!!

मेरा मानना है कि न केवल इस तरह की योज़ना सिर्फ़ राशन कार्ड तक सीमित रखने चाहिए बल्कि वर्तमान डिजिटल युग में सभी ज़रूरी दस्तावेजों को डिजी लॉकर सुविधा में राष्ट्रीय स्तरपर सभी राज्यों ने देने की बात को रेखांकित करना समय की मांग है। क्योंकि इस योज़ना में भ्रष्टाचार बिचौलियों गड़बड़ियों को रोकने में जरूरी दस्तावेजों की डिजी लॉकर की अनिवार्यता मील का पत्थर साबित होगी!!!

साथियों बात अगर हम डिजी लॉकर कार्ड सुविधा की करें तो इसमें कार्ड धारकों को जबरदस्त फायदा होने की उम्मीद है। (1)इससे कार्डधारकों को हर जगह अपने साथ कार्ड लेकर नहीं जाना पड़ेगा (2) डिजिटल कार्ड होने से इसके गुम होने की संभावना नहीं होगी (3) इससे कार्ड के खराब होने का खतरा भी नहीं होगा (4) डिजी लॉकर में राशन कार्ड की जानकारियां सेव होंगी जिसे कोटेदार भी मानने से मना नहीं कर सकेगा (5) कई बार कोटेदार कार्ड के फटे होने का हवाला देकर राशन देने से मना कर देता है, जो अब नहीं होगा (6) डिजी लॉकर में सेव राशन कार्ड से देश में कहीं भी राशन लेने में आसानी होगी (7) इससे %वन नेशन वन राशन कार्ड योजना रफ्तार पकड़ेगी (8) राशन लेने की जानकारी राशन कार्ड पर डिजिटली दर्ज हो सकेगी, जिससे इसमें होने वाले घपले को कंट्रोल किया जा सकेगा।डिजी लॉकर में राशन कार्ड की जानकारियां सेव होंगी जिसे कोटेदार भी मानने से मना नहीं कर सकेगा। इसे लागू होने के बाद आमजन की सुविधा बढ़ जाएगी। सरकार का इस योजना को लाने के पीछे पात्र लोगों को चिंहित करना है।

साथियों बात अगर हम डिजी लॉकर की करें तो, मीडिया में दी गई जानकारी के अनुसार एकमात्र ऐसा मोबाइल एप्लीकेशन है। जहां पर आप ऑफिसियल किसी भी निजी दस्तावेज को सहेज करके रख सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल माध्यम से ही इसका उपयोग कर सकते हैं। डिजी लॉकर से आप पैन कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट ड्राइविंग लाइसेंस, यह सभी तो आसानी से डाउनलोड कर ही सकते हैं। परंतु राशन कार्ड की सुविधा का उपयोग करने से डिजी लॉकर का उपयोग बढ़ा देगी। राशन कार्ड प्रत्येक परिवार का पहचान आईडी होता है। इसे अधिक मात्रा में अपडेट और डाउनलोड किया जाता है। अब डिजि लॉकर के माध्यम से भी राशन कार्ड को आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।

डिजी लॉकर के माध्यम से हम आसानी से राशन कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिलॉकर के माध्यम से आप सभी राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अधिकृत किए गए निजी दस्तावेज को डाउनलोड कर सकते हैं। इसी के साथ अब हम परिवार की पहचान पत्र के रूप में काम में लिया जाने वाला राशन कार्ड भी आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। राशन कार्ड को डिजी लॉकर से डाउनलोड करने के लिए बहुत फायदे हैं। राशन कार्ड कट फट जाने या खो जाने से आपको खासा परेशानी हो सकती है। परंतु अब डिजी लॉकर के माध्यम से इसे कभी भी डाउनलोड कर सकते हैं। राशन कार्ड को अभी हम हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल, झारखंड, कर्नाटक, बिहार, महाराष्ट्र राज्य के लोग आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। डिजी लॉकर पर जल्द ही संपूर्ण देश के सभी राज्य के लोगों की डीजी लॉकर के माध्यम से राशन कार्ड को डाउनलोड करने में सक्षम होंगे।

साथियों बात अगर हम सभी ज़रूरी दस्तावेजों के डिजी लॉकर सुविधा राष्ट्रीय स्तरपर रेखांकित करने की करें तो आज के डिजिटल युग में, डिजिटल इंडिया में इस सुविधा को पूरे राष्ट्र में विस्तृत करना, विभिन्न अनाधिकृत लीकेजेस को रोकने में मील का पत्थर साबित होगा!!! मेरा ऐसा मानना है हमें इस अभूतपूर्व सुविधा को राष्ट्रीय स्तरपर विस्तृत करने की जानकारी जरूर मिलेगी जिसका सब्र और धैर्य से इंतजार करना होगा।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि राशन कार्ड डिजिटल लॉकर सुविधा शीघ्र, वर्तमान डिजिटल युग में सभी ज़रूरी दस्तावेजों को डिजी लॉकर सुविधा राष्ट्रीय स्तर पर देने को रेखांकित करना समय की मांग है।भ्रष्टाचार बिचौलियों गड़बड़ियों को रोकने में ज़रूरी दस्तावेजों की डिजी लॉकर की सुविधा की अनिवार्यता मील का पत्थर साबित होगी।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

## विचार क्रांति के लिए आगे बढ़ते कदम

उत्तर प्रदेश ।सामाजिक,सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षिक व आध्यात्मिक उन्नति को समर्पित संस्था मां विंध्यवासिनी ट्रस्ट लोक जागृति के माध्यम से गांव शहर और जिले के अधिक से अधिक सदस्यों को सामाजिक विषयों में अपनी सहभागिता हेतु अवसर सुलभ कराने हेतु उन्हें अवसर प्रदान करती रहीं है, वर्तमान समय क्रांति का समय है विचार क्रांति, प्रत्येक सदस्यों के विचारों को सुनने और सुनाने के लिए संस्था द्वारा एक सुंदर प्लेटफार्म तैयार किया गया है जहां देश विदेश के सम्मानित सदस्य अपने विचारों को साझा करते हैं इसी क्रम में बुधवार को एक चर्चा का आयोजन किया गया जिसका विषय विदेशी शिक्षा की उपयोगिता और आवश्यकता रखा गया, चर्चा में प्राचार्या, शिक्षिकाएं ग्रहणिया और बड़ी संख्या में छात्रों ने भी प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मोटिवेशनल स्पीकर एस एस शेखर जी, नवयुग कन्या महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ सृष्टि श्रीवास्तव जी, व राष्ट्रपति पदक से सम्मानित कर्मठ शिक्षिका चंदा देवी स्वर्णकार जी उपस्थित रहीं और अपने ज्ञानवर्धक उद्बोधन से सभी को समाज में चल रहे प्रत्येक कार्य में सहभागिता करते हुए विचार व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया।

## शार्ट न्यूज

### बलात्कार के आरोपी को अदालत ने सुनाई उम्र कैद की सजा

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में स्थानीय न्यायालय ने एक युवती के साथ बलात्कार करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने गुरुवार को यहां बताया कि नरही थाना क्षेत्र के एक गांव में गत 29 मई 2017 की रात में 21 वर्षीया युवती शौच के लिए गांव के ही खेत में गई हुई थी। उसी समय बसगीत सिंह ने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता की शिकायत पर नरही थाने में गीत सिंह के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाये जाने पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि मामले की न्यायिक जांच के दौरान आरोपी को दोषी ठहरा गया। अपर जिला जज नितिन कुमार ठाकुर ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 51 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### वाराणसी में साड़ी वर्कशॉप में आग लगने से चार लोगों की मौत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में वाराणसी में एक साड़ी वर्कशॉप में गुरुवार को आग लगने से चार लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में बिहार के दो श्रमिक शामिल हैं। वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा के अनुसार इस हादसे में मदनपुरा निवासी 45 वर्षीय एक व्यक्ति तथा उसके 22 वर्षीय पुत्र के अलावा वर्कशॉप में कार्यरत बिहार के दो मजदूरों की मौत हुयी है। उन्होंने बताया कि यह घटना भेलूपुर थाना स्थित रेवड़ी तालाब इलाके में अशफाक नगर कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार मदनपुरा के एक व्यापारी ने साड़ी की फिनिशिंग और पैकेजिंग के लिए अशफाक नगर स्थित एक इमारत के बेसमेंट में दो कमरे किराये पर लिये थे। इन दो कमरों से संचालित हो रहे वर्कशॉप में आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है। पुलिस के अनुसार वर्कशॉप के दरवाजे के पास लगी आग बहुत तेजी से पूरी इमारत में फ़ैल गयी। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि इमारत में मौजूद लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिल सका। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को बुझा कर आग में गंभीर रूप से झुलसे चारों चार व्यक्तियों को बाहर निकाला। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के जिला प्रशासन को निर्देश दिये हैं।

### कांग्रेस नहीं चाहती थी कि डा अंबेडकर सांसद बनें : नितिन अग्रवाल

**अकबरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नहीं चाहती थी कि संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर सांसद बनकर सदन में पहुंचे। अग्रवाल ने गुरुवार को अंबेडकर जयंती के मौके पर यहां स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में आयोजित समरसता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि बाबा साहब अंबेडकर जी सदन में पहुंचे और इसके लिये कांग्रेस ने भरपूर कोशिश भी की।" उन्होंने कहा कि बाबा साहब जब पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे, उस समय भी उन्हें हरवाने का काम कांग्रेस ने ही किया था। अग्रवाल ने दावा किया कि डा अंबेडकर को पहली बार लोकसभा चुनाव में जिताने का काम भाजपा के मार्गदर्शक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था। अग्रवाल ने भाजपा सरकारों के लिये दलित उत्थान को प्राथमिकता बताते हुए आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने दलितों के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किये। उन्होंने बसपा का नाम लिये बिना कहा कि चार बार प्रदेश की सत्ता का सुख भोगने वाली पार्टियां, अंबेडकरवादी लोगों का इस्तेमाल करती रहीं लेकिन उनके उत्थान के लिए कुछ नहीं सोचा और ना ही उन्हें राजनीति में आगे बढ़ाया गया।

### मंदिर हो या मस्जिद, लाउडस्पीकर की आवाज मानकों के मुताबिक हो : बालियान

**बहराइच।** केंद्रीय पशुधन एवं मत्स्य राज्य मंत्री संजीव बालियान ने लाउडस्पीकर के जरिये मस्जिदों में होने वाली अजान की ध्वनि तीव्रता को लेकर चल रही बहस पर कहा है कि न्यायपालिका ने मंदिर, मस्जिद सहित सभी धार्मिक स्थलों के लिये लाउडस्पीकर की ध्वनि की तीव्रता के मानक तय कर दिये हैं। इसका सभी को पालन करना चाहिये। बहराइच के दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को यहां पहुंचे बालियान ने मस्जिदों में अजान की आवाज को लेकर उपजे विवाद के बारे में संवाददाताओं के एक सवाल के जवाब में कहा कि अदालत ने मस्जिद में लाउडस्पीकर से होने वाली अजान की ध्वनि के मानक पहले ही निर्धारित कर दिये हैं। ऐसे में सभी को अदालत के आदेश का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर हो या मस्जिद, लाउडस्पीकर की ध्वनि की तीव्रता कानून के हिसाब से होनी चाहिये। जिससे किसी को परेशानी न हो। इस दौरान अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कलेक्ट्रेट में लगी प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया।

### यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन 23 अप्रैल से शुरू

**हापुड़।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्याकंन की तैयारियां तेज हो गई। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याकंन 23 अप्रैल से शुरू होगा और 10 मई तक मूल्यांक पूरा करा लेने की योजना है। जनपद हापुड़ में बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्याकंन के लिए चार केंद्र स्थापित किए गया है। एसएसवी इंटर कॉलेज हापुड़ तथा मारवाड़ इंटर कॉलेज पिलखुवा को इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्याकंन का केंद्र बनाया गया है। जबकि राजपूताना रेजीमेंट इंटर कॉलेज पिलखुवा व एसएस के इंटर कॉलेज हापुड़ को हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का केंद्र बनाया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक निशा अस्थाना के अनुसार मूल्यांकन केंद्र के ईर्द-गिर्द अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा और उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य सीसीटीवी कैमरो की निगरानी में होगा। जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के अफसरो द्वारा समय-समय पर मूल्यांकन केंद्रो का औचक निरीक्षक किया जाएगा।

## जातिवादी सरकारें उपेक्षित वर्ग के नेताओं को अपने समाज का भला नहीं करने देती : मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर विरोधी दलों की सरकारों को जातिवादी करार देते हुए आरोप लगाया है कि जातिवादी सरकारें उपेक्षित वर्ग के नेताओं को अपने समाज का भला करने की छूट नहीं देती हैं और यदि कोई कुछ करने का प्रयास करता है तो उसे दूध में पड़ी मक्खी की तरह निकाल कर बाहर कर दिया जाता है।



मायावती ने संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर की 131वें जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश में आज भी दलित और उपेक्षित समाज की दयनीय स्थिति को अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने संदेश में कहा, "संविधान शिल्पी परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके अनुयाइयों की ओर से उन्हें शत्-शत् नमन व हार्दिक श्रद्धा-सुमन। करोड़ों कमजोर व उपेक्षित वर्गों तथा मेहनतकश समाज आदि के हित व कल्याण के प्रति उनके महान व ऐतिहासिक योगदान के लिए देश हमेशा ऋणी व कृतज्ञ।"

उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अन्य विरोधी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा, "जातिवादी सरकारें उपेक्षित वर्ग के नेताओं को अपने समाज का भला करने की छूट नहीं देती हैं। यदि कोई कुछ करने का प्रयास करता है तो उसको दूध की मक्खी की तरह निकाल-बाहर कर दिया जाता है, जैसाकि अब तक यहाँ होता रहा है। इसीलिए इन वर्गों की हालत अभी तक मजबूर व लाचार, यह अति-दुःखद।"

मायावती ने इस स्थिति से निपटने के लिये उपेक्षित एवं शोषित वर्गों में आत्मसम्मान जगाने के बसपा के आंदोलन को झुकने नहीं देने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा, "जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त विरोधी पार्टियों व इनकी सरकारें बाबा साहेब डा. अम्बेडकर के संघर्षों व संदेशों की कितनी ही अवहेलना करके उनके अनुयाइयों पर शोषण, अन्याय-अत्याचार व द्वेष आदि जारी रखें, किन्तु उनके आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का बीएसपी मूवमेन्ट रुकने व झुकने वाला नहीं है।"

## सपा गुंडों की पार्टी, इसलिये लोग हो रहे दूर : केशव मौर्य

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) को गुंडों की पार्टी होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इसी वजह से अब लोग सपा से दूर हो रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में आ रहे हैं।



यहां आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम में हिस्सा लेने आये मौर्य ने संवाददाताओं से कहा कि सपा से दूर होकर भाजपा के पास आ रहे सभी लोगों का पार्टी में स्वागत है। मंहगाई से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, "यूक्रेन युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में महंगाई बढ़ी है। इस कड़ी में डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़े हैं। महंगाई से निपटना हम सबके लिये चुनौती जरूर है, लेकिन हम उससे निपटने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।"

इससे पहले मौर्य ने अंबेडकर पार्क में बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा दिये गये समरसता के संदेश का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने यहां स्थित आईएमए में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि किसी को वोट देना लोकतांत्रिक स्वतंत्रता है। भाजपा को वोट देने के नाम पर कोई उत्पीड़न, मारपीट कर रहा है तो ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

## तहसील स्तर पर अग्निशमन सेवा का संचालन सुनिश्चित हो : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में अग्निशमन सेवा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि सभी जिला मुख्यालयों पर इस सेवा का संचालन सुनिश्चित करना सरकार के सौ दिन के एजेंडे में शामिल करते हुए पूरा किया जाये।

योगी ने गुरुवार को अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि आग से प्रदेशवासियों की सुरक्षा में अग्निशमन सेवा की बड़ी भूमिका है। इसलिए अग्निशमन सेवा को और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी तहसील मुख्यालयों पर अग्निशमन सेवा के संचालन का कार्य 100 दिन की प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए पूरा किया जाए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी को प्रदेश अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने पिन-फ्लैग लगाया। उन्होंने कहा कि अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को



जागरूक करने की भी जरूरत है, जिससे आग लगने की दुर्घटनाएं कम से कम हों। ज्ञात हो कि 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बन्दरगाह पर एसएस फोर्ट स्टीकिन नामक मालवाहक जहाज में लगी आग को बुझाते समय मुम्बई अग्निशमन सेवा के 66 कर्मी शहीद हो गए थे। वीरगति को प्राप्त इन अग्निशमन कर्मियों की पावन स्मृति में प्रत्येक वर्ष पूरे देश में 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा शहीद स्मृति दिवस तथा 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा अग्नि सुरक्षा का संकल्प 'अग्नि सुरक्षा सीखें, उत्पादकता बढ़ाएं' निर्धारित किया गया है।

## ग्रांउड जीरो पर उतरी योगी सरकार, वीकेंड पर जिलों में रात्रि विश्राम करेंगे मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की नवगठित योगी सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल में लोक कल्याण के लक्ष्य को साधने के लिये अगले पांच साल में जमीनी स्तर पर काम करने का रोडमैप बनाकर ग्राउंड जीरो पर उतरने का फैसला कर लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों से गुरुवार को मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों ने जनता के बीच रहकर रोजगार सृजन और किसान कल्याण जैसे अन्य महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहना दिया है। इसके तहत शासन की ओर से सभी मंत्रियों के लिए दिनवार एजेंडा तय किया गया है। इसमें कहा गया है कि सभी मंत्री सप्ताह के अंतिम तीन दिन शुक्रवार, शनिवार, रविवार को जिलों में रात्रि प्रवास करेंगे। इनमें मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिले में भी सप्ताहांत के दौरान एक दिन रात्रि प्रवास करना होगा।

## उप्र सरकार गन्ना किसानों का अगले सौ दिन में करेगी 8 हजार करोड़ रुपये बकाये का भुगतान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की नवगठित योगी सरकार गन्ना किसानों के बकाया भुगतान का अपना चुनावी वादा पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 100 दिन में किसानों को आठ हजार करोड़ रुपये का भुगतान करेगी।

राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आशय के निर्देश जारी करते हुए गन्ना किसानों के बकाया भुगतान पर ध्यान केन्द्रित करने को सरकार की प्राथमिकता बताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि सरकार ने अपने चुनावी वादे के मुताबिक गन्ना किसानों का 14 दिनों में भुगतान सुनिश्चित करने लक्ष्य तय किया है।

इसके तहत मुख्यमंत्री ने संबद्ध विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अगले सौ दिनों में गन्ना किसानों को 8000 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान के साथ आगामी छह माह में 12 हजार करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया जाये। सूत्रों ने बताया कि सरकार



ने अगले पांच वर्षों में गन्ने की उत्पादकता को भी बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है।

इसके तहत प्रदेश में गन्ना उत्पादन की मौजूदा क्षमता 81.5 टन प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर, 84 टन प्रति हेक्टेयर करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने चीनी उत्पान में भी बढ़ोतरी के लिये चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के साथ उनकी क्षमता विस्तार करने का भी फैसला किया है। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने पेराई सत्र 2022-23 के लिए गन्ना सर्वेक्षण नीति और डिजिटल सर्वेक्षण करने का भी निर्देश दिया है।

गौरतलब है कि गत विधानसभा चुनाव में योगी सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र के हवाले से गन्ना खरीद के एवज में किसानों का भुगतान 14 दिन के भीतर सुनिश्चित करने और पुराने बकाये का भुगतान भी करने का वादा किया था।

साथ ही नयी चीनी मिलें शुरु कर गन्ना किसानों की उपज का शत प्रतिशत क्रय भी सुनिश्चित करने की बात कही थी।

## हमारे वोट के अधिकार को भक्त लोगों से खतरा, नीबू के लिए हो रही डकैती : अखिलेश

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिला कार्यालय पर डा. बीआर आंबेडकर के जंयती कार्यक्रम में गुरुवार को सपा संरक्षक मुलायम सिंह के साथ शामिल हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान दिया।

हमारे देश की दुनिया में एक सेकुलर देश के रूप में पहचान है। हर कोई अपने धर्म-जाति के रास्ते पर चलने को आजाद है। भारत में जाति का सबसे ज्यादा भेदभाव है। बाबा साहब ने मनुस्मृति को आग के हवाले किया था।

### बाबा साहब ने दिया वोट का अधिकार...

बाबा साहब ने ही हमें एक वोट का अधिकार दिया। अब हमारे इस एक वोट के अधिकार को भक्त लोगों से खतरा है। वोट का अधिकार छीना जा रहा है। बाबा साहब ने कहा था कि जब देश में गरीबी और अमीरी के बीच खाई बढ़ेगी तो वोट का अधिकार भी छिन जाएगा। इस चुनाव में भी धन-बल से वोट लिए गए। उन्होंने कहा कि अब देश और संविधान को बचाने की जिम्मेदारी युवाओं और समाजवादियों पर है। हम सभी संकल्प लें कि लोकतंत्र को बचाने के लिए हर संघर्ष



करेंगे।

कार्यक्रम के बाद अखिलेश यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि एक तरफ तो सरकार महंगाई से जनता को लूट रही है। दूसरी तरफ ब्याज कम कर हमारे पैसे की लूट हो रही है। बैंकों के लाकर तक में चोरी हो रही है।

### हर जिले में हो रही लूट...

भाजपा सरकार बताए कि अर्थव्यवस्था को कब सुधारेंगे। कोई सोच सकता है कि नींबू के लिए डकैती हो रही है। हर जिले में लूट हो रही है। एक जेलर ने मिलाई के नाम पर परिवार के साथ दुर्व्यहार किया। कानून व्यवस्था बदहाल है। बुलडोजर के सवाल पर कहा कि पता नहीं बुलडोजर कहा पहुंचाएगा। कहीं यह सरकार की ओर न मुड़ जाए। अयोध्या की बेटी पर अत्याचार करने वालों, बैंक में लूट करने वालों पर बुलडोजर कब चलेगा।

### अपर्णा यादव का जिक्र करने पर कसा तंज...

शिवपाल यादव के सवाल पर अखिलेश यादव ने पहले तो कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इसके बाद जब अपर्णा यादव का जिक्र किया गया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अच्छी बात है भाजपा हमारे परिवारवाद को खत्म कर रही है।

आजम खान के करीबियों के मोर्चा खोलने के सवाल को वह टालते रहे, फिर बोले कि जो बातें आज हो रही हैं दो महीने पहले क्यों नहीं हुईं। इससे पहले कार्यक्रम में मुलायम सिंह यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संघर्ष के लिए तैयार रहने की बात कही।

## उपराष्ट्रपति का लखनऊ पहुंचने पर भव्य स्वागत, आज आयेंगे अयोध्या

**लखनऊ।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू उत्तर प्रदेश के प्रवास पर गुरुवार को देर शाम लखनऊ पहुंच गये। यहां स्थित अमौसी हवाईअड्डे पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने प्रदेश आगमन पर उनका स्वागत किया। हवाईअड्डे से वह सीधे राजभवन के लिये रवाना हो गये। वह राजभवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उपराष्ट्रपति नायडू अपने उत्तर प्रदेश प्रवास के दौरान धार्मिक नगरी अयोध्या और वाराणसी भी जायेंगे।

## हरदोई में 92 बीघा सरकारी भूमि पर चला जिला प्रशासन का बुलडोजर, अब बनेगी गोशाला

**हरदोई।** सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराए जाने के चल रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को तहसील की राजस्व टीम और पाली पुलिस फोर्स ने चरागाह की करीब 92 बीघा भूमि कब्जामुक्त करा ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2.0 में एंटी भू-माफिया के तहत सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में नवीन परती, चरागाह और श्मशान व चकरोड आदि की भूमि को प्राथमिकता पर अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है।

साथ ही इसके अन्य श्रेणी की भी सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराया जाने का क्रम जारी है। एसडीएम शाहाबाद के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने पाली थाना क्षेत्र के ग्राम नरसियामऊ में चरागाह की 92 बीघा भूमि कब्जेदारों से बुलडोजर चलाकर मुक्त करा ली है। राजस्व निरीक्षक ऋषि दीक्षित ने बताया ग्राम नरसियामऊ में वैसे तो चकबंदी चल रही है। चकबंदी के दौरान गांव में सरकारी भूमि को भी चिह्नित किया जा रहा है।

## भाजपा ने कभी नहीं देखा अपना-पराया, मोदी-योगी ने पूरा किया बाबा साहब का सपना : ब्रजेश पाठक

**कानपुर, संवाददाता।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सपना देखा था कि ऐसे हिंदुस्तान का निर्माण हो जिसमें कोई अगड़ा पिछड़ा ना हो, अमीर गरीब ना हो। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐसे ही देश का और प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित समरसता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

साकेत नगर स्थित होटल में डा.



भीमराव आंबेडकर की जन्मतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज में वंचित लोगों को विशेष दर्जा देने का काम किया। आज केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारतीय जनता पार्टी ही उनके बताए हुए रास्ते पर आगे चल रही है और गरीबों और पिछड़ों के जीवन को ऊंचा उठाने का कार्य किया है। मुंबई में बाबा साहब के पंचतीर्थ को तीर्थ स्थान बनाने का काम भी प्रधानमंत्री ने किया। प्रधानमंत्री ने उनकी उस सोच को विकसित किया कि हर एक व्यक्ति को पक्का मकान देना है, लोगों के घर बिजली और पानी पहुंचाना है। 2024 तक देश में हर घर तक नल से जल पहुंच जाएगा।

## गरीबों को 43 लाख आवास उपलब्ध कराना बाबा साहब के सपनों को साकार करना है : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब कल्याण को डा भीमराव अंबेडकर का सपना बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार प्रदेश में गरीबों को 43 लाख पक्के मकान देने जैसे गरीब कल्याण के तमाम अन्य काम करके बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही है।

योगी ने गुरुवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उप्र सरकार गरीबों को आवास उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 43 लाख लोगों को घर उपलब्ध कराना बाबा साहब के सपनों को साकार करना है। हर घर में शौचालय से लेकर बिजली की सुविधा तक तमाम सहूलियतें लोगों को बिना भेदभाव के मिल रही है। सरकार, जनता को शिक्षा के नये केंद्र उपलब्ध करा रही है। यह बाबा साहब के सपने को पूरा करना है।

अम्बेडकर महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी



ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र निर्माण में डा अंबेडकर के योगदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए लोगों से आह्वान किया।

मुख्यमंत्री योगी कहा कि संविधान में समानता, न्याय और बंधुत्व की भावना का जो भाव बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने दिया है, उसी का परिणाम है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब अम्बेडकर को सबसे अधिक सम्मान दिया। उन्होंने देश और दुनिया में बाबा साहब से जुड़े स्थलों का पंचतीर्थ के रूप में विकास कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अम्बेडकर महासभा के प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश सरकार लखनऊ में बाबा साहब का भव्य स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र बनाने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ता से कार्य करेगी और हम नए भारत के निर्माण में योगदान देंगे।"

मुख्यमंत्री ने अतीत के पन्नों को उलटते हुए कहा कि बाबा साहब और जोगेन्द्र नाथ मंडल दोनों विभूतियों ने समाज के वंचितों और शोषितों के लिए काम किया।

मंडल पाकिस्तान के और बाबा साहब आजाद भारत के पहले कानून मंत्री बने, लेकिन मंडल को वहां से पलायन करना पड़ा और गुमनाम जीवन जीना पड़ा। वहीं, बाबा साहब के नाम से आज देश और दुनिया में संस्थान, स्मारक और शिक्षण संस्थान हैं। भारत और दुनिया में बाबा साहब को सम्मान मिला।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दलित उत्थान के बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिये केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को लेकर एक साथ काम करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले अनुसूचित जाति-जनजाति की छात्रवृत्ति को रोक दिया था, लेकिन जब भाजपा सरकार आई तो इसे और आगे बढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब चाहते थे हम ऐसा समाज बनाएं जहां भेदभाव, शोषण का कोई स्थान न हो। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाया जाना चाहिये।

## शार्ट न्यूज

### विस्तारा एयरलाइंस की कोयंबटूर तक सीधी उड़ान

**नयी दिल्ली।** विस्तारा एयरलांइस 20 मई से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु से कोयंबटूर के लिए सीधी विमान सेवा शुरु करेगी। कंपनी ने गुरुवार को घोषणा की,इस सुविधा की शुरुआत 20 मई से होने जा रही है। विस्तारा के घरेलू नेटवर्क में कोयंबटूर 31वां गंतव्य है और तमिलनाडु में चेन्नई के बाद दूसरा गंतव्य है। विस्तारा ने एक बयान में कहा कि दिल्ली और मुंबई से कंपनी दैनिक उड़ानों की सेवा प्रदान करेगी जिसकी शुरुआत क्रमशः 20 मई और 27 मई से होगी। बेंगलुरु से हर दिन दो उड़ानों का परिचालन होगा और इसकी शुरुआत 03 जून से हो रही है। विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद कन्नन ने कहा, हम कोयंबटूर को अपने घरेलू नेटवर्क में जोड़ने से बेहद खुश है और इससे दक्षिण भारत में हमारी उपस्थिति को ताकत मिलेगी। कोयंबटूर एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और तमिलनाडु का महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र है। उन्होंने कहा,% हमें भरोसा है कि यात्री विस्तारा की उड़ान के विकल्प की सराहना करेंगे और हमारे पुरस्कार विजेता सेवाओं का आनंद लेंगे।

### नहीं हुआ शेयर बाजार में कारोबार

**मुंबई।** भगवान महावीर की जयंती और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अवकाश रहने से आज शेयर बाजार में कारोबार नहीं हुआ। बीएसई के अवकाश कैलेंडर के अनुसार, जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर की और डॉ. अंबेडकर की आज जयंती है। इसके उपलक्ष्य में अवकाश रहने के कारण आज बीएसई और एनएसई में कारोबार स्थगित रहा। साथ ही शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर अवकाश रहने से शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा। अब बीएसई और एनएसई में अगले सप्ताह सोमवार को कारोबार होगा।

### जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर आवक के बराबर उठाव नहीं होने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा तेल-तिलहन वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 67 रिंगिट चढ़कर 6556 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.37 सेंट बढ़कर 78.48 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी स्थिरता रही। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन: चना 4750-4850,दाल चना 5750-5850, मसूर काली 8500-8600, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 8100-8200 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2200-2300 रुपये और चावल :2500-2600 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3570-3670, चीनी एम. 3700-3800, मिल डिलीवरी 3450-3550 और गुड़ 3200-3300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 18754 रुपये, मूंगफली तेल 19267 रुपये, सूरजमुखी तेल 19047 रुपये, सोया रिफाइंड 17435 रुपये, पाम ऑयल 15751 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### अचानक बढ़ी आनंद राठी के शेयर की खरीदारी, 4 माह पहले ही आया था आईपीओ

**नई दिल्ली।** मुंबई स्थित वित्तीय सेवा समूह आनंद राठी की कंपनी आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड को मार्च तिमाही में जबरदस्त मुनाफा हुआ है। इस खबर के बाद बुधवार को कंपनी का शेयर भाव रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया था। आपको बता दें कि आनंद राठी वेल्थ का आईपीओ दिसंबर 2021 में लॉन्च हुआ था। आखिरी कारोबारी दिन आनंद राठी वेल्थ का शेयर भाव 8.49 फीसदी बढ़कर 663.65 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, मार्केट कैपिटल की बात करें तो 2,761.86 करोड़ रुपए है। कारोबार के दौरान शेयर के भाव में 16 फीसदी से ज्यादा तेजी रही और यह 711.95 रुपए तक गया, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। एक दिन पहले से तुलना करें तो शेयर के भाव में 100 रुपए तक की बढ़ोतरी है। मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में आनंद राठी वेल्थ को 35 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। कंपनी ने एक साल पहले समान तिमाही में 10 करोड़ रुपये का मुनाफा हासिल किया था। तिमाही में राजस्व 49 प्रतिशत बढ़कर 115 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 77 करोड़ रुपये था। पूरे वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए, कंपनी ने 426 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है। आनंद राठी वेल्थ का आईपीओ दिसंबर में लॉन्च हुआ था। कंपनी के 1,20,00,000 शेयरों के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 530 से 550 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। इस लिहाज से देखें तो आईपीओ वाले निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा हुआ है।

### फ्यूचर रिटेल की बढ़ी मुश्किल, दिवाला कार्यवाही के लिए इस बैंक ने दी याचिका

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में एक याचिका दायर की है। याचिका में एफआरएल के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करने की अपील की गई है। फ्यूचर समूह की फर्म ने कहा कि उसे याचिका की एक प्रति मिली है और वह कानूनी सलाह ले रही है। डिफॉल्टर बन गई है कंपनी- इस महीने की शुरुआत में एफआरएल ने बताया था कि वह अपने कर्जदाताओं को समय पर 5,322.32 करोड़ रुपये अदा नहीं कर सकी। कंपनी ने बताया कि ऐसा अमेजन के साथ चल रहे मुकदमों और अन्य संबंधित मुद्दों के कारण हुआ। एफआरएल को कर्ज देने वाले समूह के प्रमुख बैंक बीओआई ने पिछले महीने अखबार में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर एफआरएल की संपत्ति पर अपना दावा किया था। बीओआई ने फ्यूचर समूह की संपत्तियों के लेनदेन के प्रति जनता को सचेत भी किया था। एफआरएल सहित फ्यूचर समूह की कई कंपनियों ने छह अगस्त, 2020 के रिजर्व बैंक के परिपत्र के संदर्भ में अपने ऋणदाताओं के साथ एक समझौता किया था। इसमें कोविड महामारी से संबंधित परेशानियों के मद्देनजर एक समाधान ढांचे की घोषणा की गई थी।

### सरकारी तेल कंपनी पर रैंसमवेयर साइबर हमला, कंपनी से बिटकॉइन में 57 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी

नई दिल्ली। असम में ऑयल इंडिया लिमिटेड के मुख्यालय पर रैंसमवेयर साइबर हमला हुआ। OIL से बिटकॉइन में 75,00,000 डॉलर (रु 57 करोड़ से अधिक) की फिरौती की मांग की गई है। ओआईएल के प्रबंधक (सुरक्षा) सचिन कुमार ने पुलिस शिकायत में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ओआईएल और सरकारी खजाने को साइबर हमले रैंसमवेयर के कारण भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। इससे आईटी प्रणाली के माध्यम से व्यापार गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। ओआईएल के प्रवक्ता ने कहा कि ड्रिलिंग और उत्पादन कार्य अप्रभावित रहा है। साइबर हमला 10 अप्रैल को ओआईएल के भूगर्भीय और जलाशय विभाग के कार्यस्थलों में से एक पर हुआ था, लेकिन इसकी सूचना आईटी विभाग ने मंगलवार को दी। उनकी प्रारंभिक जांच के बाद, यह उनके संज्ञान में आया कि ओआईएल के नेटवर्क, सर्वर और ग्राहकों के पीसी नेटवर्क आउटेज का सामना कर रहे हैं। OIL का डेटा अभी ऑफलाइन सेव किया जा रहा है और बाद में जब आईटी सिस्टम फिर से चलेगा तो उन्हें अपलोड किया जाएगा।

# गोयल ने गतिशक्ति योजना की समीक्षा की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के तहत विभिन्न परियोजनाओं की एक बैठक में व्यापक समीक्षा की है।

गोयल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने, जरूरतों पर आधारित भविष्य के परिदृश्य के निर्माण और संबंधित पोर्टल में सुधार के लिए फीडबैक एकत्र करने के लिए विभिन्न हितधारकों की समस्याओं पर चर्चा की।

बैठक में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष वी के त्रिपाठी, बंदरगाह, जहाजरानी तथा जलमार्ग मंत्रालय के सचिव डॉ. संजीव रंजन, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव राजीव बंसल, उद्योग एवं



आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अनुराग जैन तथा अन्य संबंधित मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) एक एकीकृत योजना है जिसमें बेहतर तालमेल के लिए विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की सभी वर्तमान और प्रस्तावित विकास पहलों को दर्शाया गया है।

एनएमपी ढांचागत सुविधाओं के विकास में शामिल विभिन्न हितधारकों की भूमिका को महत्व देते हुए 'आत्म निर्भर भारत' के उद्देश्य को प्राप्त करने में सहायता करेगी। इसमें विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों की अवसंरचना योजना समाहित किया गया है।

इसमें टेक्सटाइल क्लस्टर, फार्मास्यूटिकल क्लस्टर, रक्षा गलियारों, इलेक्ट्रोनिक पार्क, औद्योगिक गलियारों, कृषि और आर्थिक क्षेत्रों को भी मास्टर प्लान के तहत शामिल किया जाएगा।

बैठक के दौरान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 2 लाख किलोमीटर के लक्ष्य के मुकाबले 31 मार्च, 2022 तक 1.41 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पूरा कर लिया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने समान समय अवधि में 34,500 में से 20,000 किमी गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया है। बिजली मंत्रालय ने मार्च 2022 की समाप्ति तक 4,54,200 किमी वितरण नेटवर्क बिछाने के अपने लक्ष्य को पहले ही पार कर लिया है।

दूरसंचार विभाग ने 2024-25 के लिए 50,00,000 के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 31 मार्च, 2022 तक 33,00,997 किमी के ओएफसी नेटवर्क का सृजन कर लिया है।

गोयल ने केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों तथा राज्यों द्वारा एनएमपी को व्यापक रूप से अपनाए जाने पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के सकारात्मक वास्तविक प्रभाव की प्रशंसा की तथा इसके उद्देश्यों को पूरा करने में समेकित तरीके से सभी अवसंरचना मंत्रालयों द्वारा किए गए अच्छे कामों की सराहना की।

# आईजीएल ने सीएनजी और पीएनजी के दाम बढ़ायें

**नयी दिल्ली।** प्राकृतिक गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने गुरुवार को दिल्ली में कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की कीमत 2.5 रुपये प्रति किलो बढ़ा दी। सीएनजी के दामों में अप्रैल में हुई दूसरी वृद्धि से यहां कीमत 71.61 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी है। सीएनजी के दामों में की गयी बढ़ोतरी से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में दाम 74.17 रुपये प्रति किलो जबकि गुरुग्राम में कीमत 79.94 रुपये प्रति किलोग्राम हो गये हैं। आईजीएल ने बुधवार को दिल्ली में घरेलू पाइप्ड नैचुरल गैस (पीएनजी) के दाम 4.25 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) बढ़ाने की घोषणा की थी। कंपनी ने कहा था, लागत में बढ़ोतरी के कारण घरेलू पीएनजी की कीमत में 4.25 रुपये प्रति एससीएम की वृद्धि की गई है, जो गुरुवार से प्रभावी होगी। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पीएनजी की कीमत 45.86 रुपये प्रति एससीएम होगी। इस महीने में आईजीएल ने दूसरी बार पीएनजी और सीएनजी के दाम बढ़ाये हैं। उल्लेखनीय है कि आईजीएल ने 01 अप्रैल को सीएनजी के दाम 80 पैसे प्रति किलो और पीएनजी के दाम 5.85 प्रति एससीएस से बढ़ाये थे।

### कपड़ा क्षेत्र की पीएलआई योजना में 61 फर्मों को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** कपड़ा क्षेत्र में शाही एक्सपोर्ट्स, मदुरा इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल्स, मोंटे कार्लो फैशन्स और अरविंद लिमिटेड समेत 61 आवेदकों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में मंजूरी मिली है। आधिकारिक बयान में बताया गया, कपड़ा मंत्रालय के सचिव यूपी सिंह की अध्यक्षता में चयन समिति ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र के 61 आवेदकों को मंजूरी दी है। पीएलआई योजना के लिए कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 15 आवेदन पार्ट-1 और 52 आवेदन पार्ट-2 के अंतर्गत मिले। सरकार ने बीते वर्ष देश में कपड़ा निर्माण क्षमता को बढ़ाने और इसकी निर्यात में वृद्धि करने के लिए पांच साल में 10,683 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ कपड़ा उत्पादों जैसे एमएमएफ परिधान, एमएमएफ कपड़ा और तकनीकी वस्त्र उत्पादों के लिए पीएलआई योजना की मंजूरी दी थी। इस योजना को दो भागों में बांटा गया है। पहले भाग में न्यूनतम निवेश 300 करोड़ रुपये का है और प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए न्यूनतम कारोबार 600 करोड़ रुपये आवश्यक है।

# खनिज उत्पादन में रिकॉर्ड 13.2 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2021-22 के पहले 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) के दौरान खनिज उत्पादन में 13.2 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि हुयी। यह जानकारी खनन मंत्रालय ने गुरुवार को दी।

खान और खनन क्षेत्र का खनिज उत्पादन सूचकांक फरवरी, 2022 (आधार वर्ष- 2011-12=100) में 123.2 अंक रहा। यह फरवरी 2021 की तुलना में 4.5 प्रतिशत अधिक रहा है। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय खान ब्यूरो के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी (वर्ष 2021-22) में वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ी है।

फरवरी 2022 में महत्वपूर्ण खनिजों का उत्पादन कोयला 7.95 करोड़ टन, लिग्नाइट 47 लाख टन, प्राकृतिक गैस (उपयोग की गई) 251.5 करोड़ घन मीटर, पेट्रोलियम (कच्चा) 23 लाख टन, बॉक्साइट 21.20 लाख टन, क्रोमाइट 3.73 लाख टन, कॉपर सान्द्र 9 हजार टन, सोना 125 किलो, लौह अयस्क 2.27 करोड़ टन, सीसा सान्द्र 29 हजार टन, मैंगनीज अयस्क 2.93 लाख टन, जस्ता सान्द्र 1.43 लाख टन, चूना पत्थर 3.33 करोड़ टन, फास्फोराइट 1.08 लाख टन, मैग्नेसाइट 10 हजार टन और हीरा 48 कैरेट हुआ।

महत्वपूर्ण खनिज के उत्पादन में फरवरी 2021 के मुकाबले फरवरी 2022 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गयी। इसमें हीरे में 43.4 प्रतिशत, लिग्नाइट में 24.7त्न प्रतिशत, प्राकृतिक गैस (यू) में 12.5 प्रतिशत, फॉस्फोराइट में 9.9 प्रतिशत, जिंक सान्द्र में 8.7 प्रतिशत, बॉक्साइट में 8.3 प्रतिशत, कोयले में 6.6 प्रतिशत, लौह अयस्क में 5.9 प्रतिशत और मैग्नेसाइट में 0.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुयी।

अन्य महत्वपूर्ण खनिजों समेत चूना पत्थर में 0.5 प्रतिशत, सोने में 2.1 प्रतिशत, पेट्रोलियम कच्चे में 2.2 प्रतिशत, सीसा सानद्र में 14.0 प्रतिशत, मैंगनीज अयस्क में 17.3 प्रतिशत, तांबा सानद्र में 19.8 प्रतिशत और क्रोमाइट में 33.1 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी।

# पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार आठवें दिन स्थिर

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले आठ दिन से कोई बदलाव नहीं किया है, जिसके कारण गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहीं।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर हैं।

चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85




रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है।

कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 और 99.83 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.27 प्रतिशत गिरकर 108.49 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.66 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने पिछले 23 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी हैं।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार लगातार आठवां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

### विश्व बैंक ने पाकिस्तान की वृद्धि का अनुमान घटाकर 4.3 फीसदी किया

इस्लामाबाद। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 4.3 फीसदी कर दिया जो पिछले वर्ष के मुकाबले करीब एक फीसदी कम है। उसने कहा कि निवर्तमान सरकार द्वारा ऊर्जा सब्सिडी देने का अंतिम समय पर जो फैसला लिया गया उससे बजट पर अतिरिक्त भार पड़ा और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यक्रम के लिए जोखिम पैदा हुआ। विश्व बैंक में दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए मुख्य अर्थशास्त्री हैंस टिमर ने %दक्षिण एशिया में आर्थिक ध्यान को पुन: आकार देने वाले नियम- आगे का नया रास्ता% नाम की रिपोर्ट बुधवार को जारी की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने कर छूट हटाने और ईंधन पर कर बढ़ाने के आईएमएफ के साथ अपने समझौते का पहले तो पालन किया। उन्होंने कहा कि लेकिन घरेलू स्तर पर ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और राजनीति में विपक्ष के दबाव के कारण पाकिस्तान सरकार को फरवरी में बिजली और ईंधन की कीमतों पर राहत देनी पड़ी। डॉन अखबार की खबर में टिमर के हवाले से कहा गया, पाकिस्तान सरकार के इन कदमों से घरेलू कीमतों में उतार-चढ़ाव भले कम हुआ हो लेकिन इससे सरकार का बजट का भार बढ़ गया।

## एयर इंडिया से अलग हुई एलायंस एयर, यात्रियों को कंपनी ने किया अलर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया ने बताया है कि एलायंस एयर अब उसकी सहायक कंपनी नहीं है। एयर इंडिया ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है।

पैसेंजर्स को किया अलर्ट- एयर इंडिया ने पैसेंजर्स को बताया है कि जिन यात्रियों के पास 9अंक से शुरू होने वाले 4-डिजिट फ्लाइट नंबर के टिकट हैं उनकी बुकिंग एलायंस एयर की है। यही बात 9 से शुरू होने वाले 3-डिजिट फ्लाइट नंबर के टिकट के साथ भी लागू है। ऐसे टिकटधारकों को भी जानकारी होनी चाहिए की उनकी बुकिंग एलायंस एयर की है। एयर इंडिया ने ये भी बताया है कि 15 अप्रैल से कंपनी एलायंस एयर से संबंधित बुकिंग और कामकाज को हैंडल नहीं करेगी। अब क्या करें- अगर आप भी एलायंस एयर के पैसेंजर हैं तो हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। दी गई जानकारी के मुताबिक +91-44-4255 4255 और +91-44-3511 3511 पर संपर्क करना चाहिए। इसके अलावा support@allianceair.in पर ईमेल करके भी यात्री जानकारी ले सकते हैं। वहीं, एलायंस एयर की आधिकारिक वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। बता दें कि बीते साल अक्टूबर माह में टाटा संस की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टैलेस प्राइवेट लिमिटेड ने एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के लिए बोली जीती थी। टाटा ने 18,000 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। हालांकि, अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया इसी साल जनवरी माह में हुई थी। कर्ज में डूबी एयरलाइन एयर इंडिया अब टाटा समूह की हो गई है।

# 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा घट गई राकेश झुनझुनवाला की दौलत, अप्रैल में लगा तगड़ा झटका

**नई दिल्ली।** दिग्गज इनवेस्टर राकेश झुनझुनवाला को अप्रैल के उतार-चढ़ाव भरे बाजार में तगड़ा झटका लगा है। अप्रैल में अभी तक राकेश झुनझुनवाला के पोर्टफोलियो वैल्यू में करीब 1100 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में यह बात ट्रेंडलाइन पर उपलब्ध डेटा के हवाले से कही गई है। हालिया शेयरहोल्डिंग के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला और उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला की 35 लिस्टेड कंपनियों में 1 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है।

झुनझुनवाला फैमिली के पोर्टफोलियो की वैल्यू अब 32,667 करोड़ रुपये 13 अप्रैल 2022 (बुधवार) के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला और उनकी पत्नी रेखा झुनझुनवाला के



पोर्टफोलियो की वैल्यू 32,667 करोड़ रुपये थी। मार्च तिमाही के आखिर में पोर्टफोलियो के वैल्यू 33,754 करोड़ रुपये थी। यानी, झुनझुनवाला फैमिली के पोर्टफोलियो की वैल्यू में 1084 करोड़ रुपये से ज्यादा की गिरावट आई है। राकेश और रेखा झुनझुनवाला की टाइटन कंपनी में 31 दिसंबर 2021 के डेटा के मुताबिक 5.1 फीसदी हिस्सेदारी है। टाइटन कंपनी के शेयरों में इस साल अब तक 3 फीसदी की गिरावट आई है। टाइटन में राकेश और रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी की वैल्यू 11,106.90 करोड़ रुपये है।

### स्टार हेल्थ में स्टेक की वैल्यू 7,392.3 करोड़ रुपये

स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी में राकेश झुनझुनवाला और रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 17.5 फीसदी है। इस महीने कंपनी के शेयरों में 3 फीसदी का उछाल आया है। 16 मार्च को कंपनी के शेयरों में 20 फीसदी का उछाल आया था और यह 609.25 रुपये के स्तर पर पहुंच गए थे। कंपनी में झुनझुनवाला फैमिली के स्टेक की वैल्यू 7,392.3 करोड़ रुपये है। मेट्रो ब्रांड्स में रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 14.4 फीसदी है। इस महीने मेट्रो ब्रांड्स के शेयरों में 2.9 फीसदी की गिरावट आई है। दिसंबर 2021 के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, रेखा झुनझुनवाला के पास मेट्रो ब्रांड्स के 2360.8 करोड़ रुपये के शेयर हैं।

टाटा मोटर्स में बिग बुल की हिस्सेदारी दिसंबर 2021 तिमाही के आखिर में 1.2 फीसदी थी। इस महीने कंपनी के शेयरों में गिरावट आई है। राकेश झुनझुनवाला के पास 1698.20 करोड़ रुपये के टाटा मोटर्स के शेयर हैं। झुनझुनवाला के पास 31 दिसंबर 2021 के डेटा के मुताबिक 5.5 फीसदी हिस्सेदारी रही, उनकी हिस्सेदारी की वैल्यू 1,339 करोड़ रुपये है। अप्रैल में क्रिसिल के शेयरों में 2.5 फीसदी का उछाल आया है।

# शादियों के आयोजन पर महंगाई की मार, बैंडबाजा से ज्वेलरी तक के बढ़े भाव

**नई दिल्ली।** सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही गुरुवार से खरमास समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। इस बार दिल्ली में बड़ी संख्या में शादियां होनी हैं, जिसके चलते बंपर खरीदारी की उम्मीद है। बैंक्वेट हॉल, होटल से लेकर गेस्ट हाउस तक को अच्छी बुकिंग मिली है। लेकिन शादियों के साये पर महंगाई का असर भी दिख रहा है। ज्वेलरी बाजार में खरीदार बेहद कम हैं।

सब्जियों व अन्य जरूरी सामानों के दाम ऊंचे होने के कारण खाने-पीने का मेन्यू भी सीमित किया जा रहा है। उधर, कपड़े से लेकर सजावट तक का खर्च बढ़ गया है। कुल मिलाकर बीते वर्ष की तुलना में शादी की खर्च 25 से 30 फीसदी तक बढ़ गया है।

### चार तिथियों में साढ़े तीन लाख से अधिक शादियां

आने वाले 19 तारीख तक दिल्ली में करीब साढ़े तीन लाख शादियां होनी हैं। ऑल इंडिया बैंक्वेट हॉल फेडरेशन



के सदस्य भूपेंद्र सिंह बताते हैं कि दिल्ली में बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस, सामुदायिक भवन और होटल की संख्या 60 हजार से अधिक है। इनमें से अधिकांश में शादियों की बुकिंग है। 14, 15, 17 और 19 अप्रैल को बड़ा साया हैं, जिसमें करीब साढ़े तीन लाख शादियां होनी हैं, लेकिन महंगाई के चलते लोग बाकी खर्चों में कटौती कर रहे हैं। फूल महंगा होने से सजावट का खर्च बढ़ गया है। बैंड-बाजा और बग्गी की बुकिंग भी बीते वर्षों से महंगी हुई है।

### बैंक्वेट हॉल और होटल में अच्छी बुकिंग

दिल्ली होटल एसोसिएशन से जुड़े सौरभ छाबड़ा बताते हैं कि इस बार अच्छी बुकिंग मिल रही है। पूरी क्षमता के साथ शादी समारोह आयोजित करने अनुमति मिलने का लाभ भी दिख रहा है। लेकिन महंगाई के देखते हुए लोग खाने-पीने का मेन्यू छोटा कर रहे हैं या फिर ऑफर में बुकिंग कराना पसंद कर रहे हैं। इसके तहत बुकिंग के साथ खाने की प्लेट का खर्च भी शामिल होता है। बैंक्वेट हाल चलाने वाली कविता राणा बताती हैं कि लोगों को शादी करानी है इसलिए बुकिंग तो अच्छी खासी मिल रही है, लेकिन लोग खर्चों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अप्रैल में शादी के बड़े मुहूर्त

14, 15, 17, 19, 20, 21, 22, 23, 27, 28, 29 अप्रैल

### सोना आसमान पर, खरीदारी नहीं मिल रहे

चांदनी चौक स्थित कूचा महाजनी के ज्वेलर ऋषि वर्मा कहते हैं कि पहली बार ऐसा देख रहे हैं कि न नवरात्र में ग्राहक थे और न अब शादी का साया शुरू होने से पहले। सोने की कीमतें 53700 रुपये जा पहुंची हैं। कुछ ग्राहक आ भी रहे हैं तो वो पुरानी ज्वेलरी देकर नई बनाना चाहते हैं। बेटी की शादी में मां अपनी पुरानी ज्वेलरी देकर नई डिजाइन की ज्वेलरी बनवा रही है। इसमें सिर्फ बनाने का खर्च जाता है। नई ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहक बेहद कम हैं।

### 10 फीसदी से अधिक बढ़ गए कपड़ों के दाम

पेट्रोल-डीजल और सीएनजी महंगी होने का असर कपड़े की कीमतों पर दिख रहा है। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा का कहना है कि हाल-फिलहाल में ही कपड़े के दाम 10 फीसदी तक बढ़े हैं। क्योंकि फैक्टरी से दुकान तक माल ढुलाई महंगी हो गई है।


ग्राहक कहते हैं कि कुछ दिन पहले तो दाम कुछ ओर थे, अब आप ज्यादा लगा रहे हैं। तब उन्हें समझाना पड़ता है कि माल ढुलाई बढ़ने से कीमतें बढ़ गई हैं।

### वर्ष 2030 तक वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात एक हजार अरब डालर तक होगा : गोयल

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय पीयूष गोयल ने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत से वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात एक हजार अरब डालर तक पहुंच जाएगा। देश के इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी इंडिया) के निर्यात उत्कृष्टता समारोह के लिए 51वें राष्ट्रीय निर्यात पुरस्कार में श्री गोयल ने उद्योग और प्रत्येक क्षेत्र से सामूहिक रूप से गुणवत्ता, उत्पादकता और पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं पर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने निर्यात में उल्लेखनीय योगदान के लिए ईईपीसी इंडिया की सराहना करते हुए सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। इस समारोह में 34 उत्पाद समूहों में 111 निर्यातकों ने 7 श्रेणियों में ईईपीसी इंडिया नेशनल अवार्ड 2018-19 जीता। विजेताओं में भेल, नाल्को, एचएएल, टाटा मोटर्स, आरआईएनएल जेएसडब्ल्यू स्टील, तोशिबा, टोयोटा किर्लोस्कर, भारत फोर्ज और बजाज ऑटो शामिल है।

## शार्ट न्यूज

### पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 का आधिकारिक लोगो जारी




**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया की ओर से गुरुवार को पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 का आधिकारिक लोगो जारी किया गया। हॉकी इंडिया ने अपने ट्विटर हैंडल पर विश्व कप के आधिकारिक लोगो का एक वीडियो साझा किया। लोगो बेहद आकर्षक दिख रहा है। लोगो में ट्रॉफी के ऊपर हॉकी स्टिक और बॉल दिख रही है। उल्लेखनीय है कि हॉकी इंडिया की ओर से भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम और राउरकेला में निर्माणाधीन 20 हजार सीटिंग क्षमता वाले बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 13 से 29 जनवरी 2023 तक विश्व कप की मेजबानी की जानी है। टूर्नामेंट में भारत सहित 16 टीमें भाग लेंगी, जिसमें नीदरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, वेल्स, दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना, चिली, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। शेष तीन टीमें इंडोनेशिश के जकार्ता में 23 मई से एक जून 2022 तक होने एशिया कप 2022 के बाद विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एशिया कप हॉकी विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।

### राजस्थान ने टॉस जीत कर गेंदबाजी चुनी



**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 2022 आईपीएल के 24वें मैच में गुरुवार को टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान ने जहां टीम में एक बदलाव किया है, वहीं गुजरात ने दो खिलाड़ियों का बदला है। राजस्थान ने ट्रेंट बोल्ट की जगह टाइमल मिल्स को टीम में शामिल किया है, जबकि गुजरात ने साईं सुदर्शन और दर्शन नालकंडे के स्थान पर विजय शंकर और यश दयाल को प्लेइंग इलेवन (एकादश) में जगह दी है।राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान एवं विकेटकीपर), जोस बटलर, देवदत्त पडिकल, रासी वैन डर डुसेन, शिमरन हेत्मायर, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, जेम्स नीशम, कुलदीप सेन, प्रसिद्ध कृष्णा, युजवेंद्र चहल। गुजरात टाइटंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), शुभमन गिल, विजय शंकर, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद शमी, यश दयाल।

### युवराज और जमाल हुसैन ने बनायी संयुक्त बढ़त

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के युवराज सिंह संधू और बांग्लादेश के मोहम्मद जमाल हुसैन मुल्ला ने 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाली पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के गुरूवार को राउंड तीन के बाद संयुक्त बढ़त बना ली। अपने घरेलू गोल्फ कोर्स पर खेलते हुए युवराज (70-67-65) ने दिन का सबसे न्यूनतम कार्ड सात अंडर 65 दर्ज किया और तीन राउंड के बाद उनका स्कोर 14-अंडर 202 पहुंच गया है। उनके साथ इस स्कोर पर ज़माल (67-66-69) हैं जो 69 का कार्ड खेलकर दूसरे से पहले स्थान पर पहुंचे हैं। गुरुग्राम की जोड़ी कार्तिक शर्मा (67-69-67) और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया (68-63-72) एक शॉट पीछे 13 अंडर 203 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। अंगद चीमा ने 70 का कार्ड खेला और वह 10 अंडर 206 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

### महान ओलंपियन एलिसन फेलिक्स 2022 के बाद होंगी सेवानिवृत्त

लॉस एंजेलिस (अमेरिका)।अमेरिकी ट्रैक एंड फील्ड एथलीट एलिसन फेलिक्स, जो ओलंपिक में एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा सम्मानित महिला एथलीट हैं, ने 2022 सीजन के बाद सेवानिवृत्त होने का फैसला किया है। अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने सात स्वर्ण सहित कुल 11 ओलंपिक पदक जीते और 13 विश्व चैंपियनशिप खिताब अपने नाम किए हैं। सात बार की ओलंपिक चैंपियन ने बुधवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट में सेवानिवृत्त होने की घोषणा की। उन्होंने कहा, एक छोटी लड़की के रूप में उन्हें चिकन लेग कहा गया। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि मेरा इस तरह का करियर होगा। इस खेल के लिए मेरे मन में बहुत आभार है, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी है। मैंने दौड़ने के लिए अपना सब कुछ दिया है और पहली बार मुझे नहीं पता है कि मेरे पास खेल को देने के लिए कुछ बचा है या नहीं। 36 वर्षीय फेलिक्स ने कहा, मैं अलविदा कहना चाहती हूं तथा खेल और उन लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे एक आखिरी दौड़ के लिए आकार देने में मदद की है, मुझे पता है कि कैसे।

### चंडीगढ़ में 18 से 23 अप्रैल तक एयर मार्शल अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट

जैतो। एयर मार्शल अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के तीसरा संस्करण का चंडीगढ़ में 18 से 23 अप्रैल तक आयोजन होगा। टूर्नामेंट प्रदेश के बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी) नंबर तीन में खेला जाएगा। रक्षा मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार वायु सेना के प्रशासनिक विभगा के प्रभारी उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि वायु सेना प्रमुख 23 अप्रैल 2022 को टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। वायु सेना खेलकूद नियंत्रण बोर्ड (एएफएससीबी) वर्ष 2018 से इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। विज्ञप्ति के मुताबिक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के तीसरे संस्करण में भाग लेने के लिए रॉयल कैनेडियन, मलेशियाई, बंगलादेश और श्रीलंका वायु सेना की हॉकी टीमों सहित भारत और विदेश की 12 प्रतिष्ठित टीमों को आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि एयर मार्शल अर्जन सिंह का हॉकी के खेल के प्रति जुनून बेमिसाल था। वह न केवल युद्ध के दौरान, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी वायु सैनिकों के लिए प्रेरणास्रोत थे। उनकी जन्म शताब्दी वर्ष 2019 में वायु सेना मार्शल अर्जन सिंह मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का सफल आयोजन किया गया था।

### पुजारा, रिजवान ने ससेक्स के लिए एक साथ किया पदार्पण

डर्बी (इंग्लैंड)। भारतीय अनुभवी टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने गुरुवार को ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए एक साथ पदार्पण किया। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले साल ससेक्स के साथ अनुबंध किया था। पुजारा इससे पहले इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल चुके हैं, जबकि रिजवान का यह पहला मैच है। ससेक्स फिलहाल इंकोरा काउंटी ग्राउंड में काउंटी चैंपियनशिप में मेजबान डर्बीशायर के खिलाफ खेल रहा है। ससेक्स के मुख्य कोच इयान सैलिसबरी ने पुजारा और रिजवान दोनों के टीम में शामिल होने पर कहा, मैं पुजारा और रिजवान जैसे क्वालिटी खिलाड़ियों को टीम में लाने में सक्षम होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। वे दोनों न केवल पूर्ण विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, जो पिच पर हमारे प्रदर्शन को बढ़ावा देंगे, बल्कि उन्हें खिलाड़ियों के आसपास और ड्रेसिंग रूम में रखना सकारात्मक हो सकता है।

# भारतीय कम्पनी और स्पेन के फुटबॉल क्लब में करार

**नयी दिल्ली।** भारत में ग्रासरूट फुटबाल को बढ़ावा देने और उभरते खिलाडियों को देश विदेश की विभिन्न फुटबाल अकादमियों में स्थान दिलाने के लिए न्यू एक्स स्पोर्ट्स और स्पेन की डेपोटीवो स्पोर्टिंग अलावेस ने एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर स्पेनिश क्लब के अंतर्राष्ट्रीय हैड और यू ई एफ ए लाइसेंस प्राप्त कोच क्युबिलो फर्नांडो मौजूद थे।



फर्नांडो खुद एक पेशेवर खिलाडी रहे हैं और अमेरिका एवं स्पेन के नामी क्लबों में खेल चुके हैं। डेपोटीवो की अकादमी के हैड नियुक्त किए जाने से पहले वह बार्सिलोना की विश्व प्रमुख अकादमी को सेवाएं दे चुके हैं। न्यू एक्स कारपोरेशन हाउस के साथ ताज़ा करार के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि उनका क्लब भारत में फुटबाल और बास्केटबॉल की संभावनाएं खोजेगा और प्रतिभावान खिलाडियों को स्पेन के क्लबों में स्थान दिलाने के प्रयास करेगा। राजधानी के जीसेस एन्ड मेरी कालेज में आयोजित तीन दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्टिवल में विशेष अतिथि बन कर आए फर्नांडो ने फुटबाल और बास्केटबाल की लगभग चालीस कालेज टीमों के प्रदर्शन को करीब से देखा और प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारत में खिलाडियों की कमी नहीं है लेकिन उन्हें सही दिशा देने की जरूरत है। लड़कियों के इंटर कालेज टूर्नामेंट मेजबान जीसस मेरी विजेता रही जबकि बास्केटबाल का खिताब डीएवी ने जीता। एक सप्ताह के दौरे पर आए फर्नांडो न्यू एक्स कारपोरेशन के साथ मिल कर दिल्ली में पांच से सात दमदार फुटबाल अकादमी बनाना चाहते हैं जिनका काम प्रगति पर है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इन अकादमियों के श्रेष्ठ खिलाडियों को विदेशों में ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें खेल के साथ शिक्षा भी शामिल है। उनके अनुसार आमतौर पर खिलाडी उच्च शिक्षा नहीं ले पाते लेकिन डेपोटीवो क्लब उन्हें अच्छा खिलाडी और इंसान बनाने के लिए दृढ़संकल्प है। 21 नवम्बर से 18 दिसंबर तक क़तर में खेले जाने वाले फीफा वर्ल्ड कप की सम्भावना के बारे में उन्होंने बताया कि यूरोप की टीमों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है क्यूंकि क़तर का गर्म मौसम उनके खिलाडियों को धोखा दे सकता है। उन्हें लगता है कि अर्जेंटीना और ब्राजील जैसे लेटिन अमेरिकी देश और कुछ अफ्रीकी देश यूरोप पर भारी पड़ सकते हैं।

### सहगल क्लब सूद क्रिकेट के फाइनल में

नयी दिल्ली। शिवम शर्मा (4/36) की शानदार गेंदबाजी और हिम्मत सिंह (84 नाबाद) व चेतन बिष्ट (74 नाबाद) के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 152 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत सहगल क्रिकेट क्लब (34 ओवरों में 181/2) ने राष्ट्रीय स्वाभिमान खेल परिसर मैदान पर चल रहे 31वें स्पेश इंडिया ओम नाथ सूद स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में लाल बहादुर शास्त्री क्रिकेट क्लब को गुरूवार को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई ।

# रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग का पहला संस्करण आज से

पणजी। रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) के पहले संस्करण का आयोजन शुक्रवार से गोवा में होना है। भारत में होने वाली इस पहली यूथ क्लब प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय फुटबॉल के भविष्य के सितारे न सिर्फ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने की कोशिश करेंगे बल्कि अपने लिए संभावनाओं के नए द्वार भी खोलने का प्रयास करेंगे।

हीरो आईएसएल के सात क्लब इस आठ-टीम की लीग में शामिल होंगे। इसमें रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स (आरएफवाईसी) टीम भी हिस्सा लेगी। इस लीग की शुरुआत नागोआ फुटबॉल ग्राउंड में %होम टीम% एफसी गोवा और चेन्नइयन एफसी के बीच होने वाले मुकाबले के साथ होगी। इसके बाद आरएफवाईसी बेनाउलिम में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ खेलते हुए अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

भारत की एकमात्र 5-स्टार रेटेड फुटबॉल अकादमी- रिलायंस फाउंडेशन यंग चैंप्स अकादमी टीम के मुख्य कोच भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अराता इजुमी का मानना है कि आरएफडीएल कल के सितारों के लिए करियर लॉन्चपैड के रूप में काम कर सकता है। इजुमी ने कहा, रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन मंच है। युवा फुटबॉल के विकास के मिशन के साथ यहां आए सात क्लबों के खिलाफ खेलने का अनुभव बहुत अच्छा होगा।

आरएफ यंग चैंप्स टीम टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र की टीम होगी। इसमें शामिल खिलाड़ी अकादमी में 5 साल से अधिक समय फुटबॉल शिक्षा एवं प्रशिक्षण में बिताने के बाद प्रतिस्पर्धा करते नजर आएंगे। इन खिलाड़ियों को 12 साल की उम्र में से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

39 साल के इजुमी को उम्मीद है कि उनके बच्चे विभिन्न क्लबों के कर्ताधर्ताओं को प्रभावित करेंगे। इजुमी ने कहा, प्रत्येक क्लब का उद्देश्य अलग हो सकता है लेकिन हमारे लिए, यह बहुत स्पष्ट है। यह व्यक्तिगत विकास का मसला हो सकता है और क्लबों के पास प्रतिभाओं को देखने का मौका होगा। उम्मीद है कि उनका खेल देखते हुए वे उन्हें पेशेवर फुटबॉल में आने के लिए एक करार दें। यह आरएफ यंग चैम्प्स में हमारा यही मिशन रहा है।

# भारत को विश्व कप से वंचित करने वाली श्रबसोल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

एजेंसी

लंदन। दो बार की महिला विश्व कप और पहले टी-20 विश्व कप की विजेता इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की हिस्सा रहीं तेज गेंदबाज आन्या श्रबसोल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

समरसेट के लिए अपने घरेलू करियर की शुरुआत करने वाली 30 वर्षीय श्रबसोल ने इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों को मिला कर 173 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 227 विकेटों के साथ अपने 14 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को समाप्त किया है। वहीं उन्होंने वनडे क्रिकेट में इंग्लैंड की चौथी, जबकि टी-20 में शीर्ष विकेट टेकर के रूप में अपना करियर समाप्त किया है। वह हालांकि राचेल हेहो फ्लिंट ट्रॉफी, शार्लेट एडवर्ड्स कप और 'द हंड्रेड' में घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगी।

श्रबसोल ने न्यूजीलैंड में हाल ही में नौ विकेटों के साथ अपना 2022 आईसीसी महिला विश्व कप अभियान समाप्त किया था। टूर्नामेंट में उनका



सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल में आया था, जब उन्होंने 46 रन देकर तीन विकेट लिए थे। इंग्लैंड को हालांकि फ़ाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

तेज गेंदबाज ने एक बयान में कहा, मैं पिछले 14 वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम होने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं।

ऐसे विकास के समय महिला क्रिकेट में शामिल होना एक सम्मान की बात रही है, लेकिन मेरे लिए यह स्पष्ट हो गया है कि मैं जितना क्रिकेट के साथ रह सकती हूं, यह उससे कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसलिए मेरे लिए यही इससे दूर होने का सही समय है। अब तक की यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए हैं, लेकिन 2017 में लॉर्ड्स में आईसीसी महिला विश्व कप को उठाने में सक्षम होना अब तक का सबसे खास पल था।

2017 विश्व कप के फ़ाइनल मुक़ाबले मे अपनी गेंदबाज़ी के बलबूते इंग्लैंड को भारतीय टीम के ख़िलाफ़ मैच जिताने के बाद आन्या को एमबीई (ब्रिटेन की महारानी द्वारा दिया जाने वाल सम्मान) से भी पुरस्कृत किया गया था।लॉर्ड्स में खेले गए उस मुक़ाबले में आन्या ने 46 रन देकर 6 विकेट अपने नाम किए थे।

अपने संन्यास का ऐलान करते हुए आन्या ने कहा, मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे इंग्लैंड के लिए इतने लंबे समय तक खेलने का मौक़ा मिलेगा। मैं वास्तव में बहुत भाग्यशाली हूं, अन्यथा मैं तो एक मैच खेलकर भी खुश हो जाती। करियर में कई उतार-चढ़ाव भी आए, लेकिन 2017 में महिला विश्व कप की ट्रॉफ़ी ने सामने आई तमाम कठिनाईयों को पीछे छोड़ दिया।

आन्या ने अपने जीवन में उनका साथ देने वाले हर व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। श्रबसोल ने कहा, ऐसे बहुत से लोग हैं जिन्होंने रास्ते में मेरा समर्थन किया है और मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहती हूं, लेकिन सबसे बढ़कर मैं अपने परिवार के अटूट समर्थन के बिना ऐसा नहीं कर सकती थी। वह हर कदम पर मेरे साथ रहे हैं। श्रबसोल को एक बार अपने देश का नेतृत्व करने का मौक़ा भी मिला। 2018 में विज़डन क्रिकेटर्स अल्मनैक के फ़्रंट कवर पर आने वाली पहली महिला बनीं। चोट के कारण 2021 के घरेलू अंतरराष्ट्रीय सीज़न के बाद, आन्या इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के एशेज़ अभियान का हिस्सा थीं। इंग्लैंड के लिए उनकी आख़िरी उपस्थिति न्यूज़ीलैंड में 2022 महिला विश्व कप फ़ाइनल के दौरान थी, जब उन्होंने 46 रन देकर 3 विकेट लिए थे। 3 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली 71 रन की हार में वह आउट होने वाली अंतिम बल्लेबाज़ थीं।

महिला क्रिकेट के लिए ईसीबी की प्रबंध निदेशक क्लेयर कॉनर ने श्रबसोल को अंग्रेजी क्रिकेट और विशेष रूप से महिला क्रिकेट की सबसे उत्तम सेवक करार दिया। उन्होंने कहा, 14 वर्षों तक आन्या ने अपनी टीम को सबकुछ दिया, यही वजह है कि उनके संन्यास लेने का कारण भी इतना निस्वार्थ है।

# फिनलैंड या स्वीडन नाटो में शामिल होते हैं तो परमाणु हथियारों की तैनाती करेगा रूस, मॉस्को ने दी धमकी

मॉस्को। रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने अमेरिका और यूरोपीय यूनियन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर फिनलैंड या स्वीडन नाटो में शामिल होने का फैसला करते हैं तो रूस बाल्टिक देशों और स्कैंडिनेविया के करीब परमाणु हथियार तैनात करेगा।

#### 'रूस को सीमाओं को सुदृढ़ करना होगा'

2008 से 2012 तक रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और राष्ट्रपति मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा है कि यदि ये देश नाटो में शामिल हो गए तो यह नाटो सदस्यों के साथ रूस की भूमि सीमा को दोगुना से अधिक कर देगा। ऐसे में स्वाभाविक रूप से, हमें इन



सीमाओं को सुदृढ़ करना होगा।

#### 'परमाणु हथियार तैनात करने का हकदार होगा रूस'

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा है कि इस मामले में बाल्टिक नॉन-न्यूक्लियर स्थिति के बारे में और बात करना संभव नहीं होगा। संतुलन बहाल करना होगा। रूस इस क्षेत्र में परमाणु हथियार तैनात करने का हकदार होगा। रूस अपने जमीनी बलों और हवाई सुरक्षा के समूह को गंभीरता से मजबूत करेगा और फिनलैंड की खाड़ी में महत्वपूर्ण नौसैनिक बलों को तैनात करेगा।

#### पश्चिमी हिस्से को मजबूत करेगा रूस

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मामले को लेकर मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बारे में कई बार बात की गई है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नाटो की बढ़ती सैन्य क्षमता के कारण हमारे पश्चिमी हिस्से को मजबूत करने पर एक आदेश जारी किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या इस कदम में परमाणु हथियार शामिल होंगे? पेसकोव ने कहा कि मैं नहीं कह सकता लेकिन उपायों, आवश्यक कदमों की एक पूरी सूची होगी। इसे राष्ट्रपति द्वारा एक अलग बैठक में कवर किया जाएगा।

#### स्वीडन और फिनलैंड में चर्चा जारी

यूक्रेन में मास्को की सैन्य कार्रवाइयों ने सैन्य गुटनिरपेक्षता की लंबे समय से चली आ रही नीतियों को लेकर फिनलैंड और स्वीडन दोनों में सार्वजनिक और राजनीतिक राय में नाटकीय रूप से यू-टर्न ले लिया है। फिनलैंड ने कहा कि इस सप्ताह तय होगा कि नाटो सदस्यता के लिए हफ्तों के भीतर आवेदन करना है या नहीं और स्वीडन भी सदस्यता पर चर्चा कर रहा है।

# यूक्रेन युद्ध का 50वां दिन: रूसी जंगी जहाज पर लगी आग

यूक्रेन पर रूस के हमले का आज 50वां दिन है. भारी नुकसान और तबाही झेल कर भी यूक्रेन डटा हुआ है. गुरुवार को ओडेसा में रूस के एक जंगी जहाज पर आग लग गई. यूक्रेन का साथ दे रहे यूरोपीय नेताओं का कीव पहुंचना जारी है.यूक्रेन के ओडेसा इलाके के गवर्नर माकसिम मारशेंकों का कहना है कि सेना ने रूसी गाइडेड मिसाइल क्रूजर ×स39;मोस्कवा×स39; पर दो मिसाइलों से हमला किया है और इसे भारी क्षति पहुंचाई है. ×स39;मोस्कवा×स39; रूस के काले सागर में मौजूद बेड़े का प्रमुख जहाज है. रूसी रक्षा मंत्री ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि जहाज को गंभीर नुकसान हुआ है. हालांकि यह यूक्रेन के हमले के कारण हुआ, इस बात की पुष्टि उन्होंने नहीं की. यह भी पढ़ें: 1026 यूक्रेनी सैनिकों के समर्पण का रूस ने किया दावा जहाज पर लगी आग काबू में रूसी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि जहाज में मौजूद गोलाबारुद में आग लग गई थी, जिसके कारण वे फट पड़े और जहाज को भारी क्षति हुई. रक्षा मंत्रालय का कहना है कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है. जहाज पर मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित निकाल कर आग पर काबू पा लिया गया है. जहाज अब भी तैर रहा है, डूबा नहीं है. इसे दूसरे जहाज की मदद से खींच कर बंदरगाह ले जाया जाएगा. आमतौर पर क्रूजर जहाज में 500 लोग रहते हैं. 1983 में बने इस जहाज पर 16 एंटीशिप क्रूज मिसाइल तैनात हैं. ओडेसा यूक्रेन का सबसे बड़ा बंदरगाह है.

रूस की सुरक्षा एजेंसी एफएसबी ने कहा है कि ब्रयांस्क के इलाके में उसके एक बॉर्डर पोस्ट पर यूक्रेन ने मोर्टार से हमला किया है. एफएसबी के मुताबिक, इस हमले में कोई जख्मी नहीं हुआ. रूसी समाचार एजेंसी तास ने खबर दी है कि मोर्टार हमले के बाद इलाके के कुछ स्कूल बंद कर दिए गए हैं. यूक्रेन की सेना और रक्षा मंत्रालय ने इस बारे में तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है. रूस ने हालिया दिनों में सीमावर्ती क्षेत्रों में कई बार हमले की खबर दी है. इनमें रूसी तेल डिपो पर हुआ हमला भी शामिल है. रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि यूक्रेनी सैनिकों का हमला, कीव पर हमले का कारण बन सकता है. यूक्रेन से लगते रूस के चार सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. आशंका जताई जा रही है कि इन क्षेत्रों पर यूक्रेन हमला कर सकता है. यह भी पढ़ें: कैसे ढुंढे जाते हैं रासायनिक हमले के सबूत आम लोगों का संकट यूक्रेन के लुहांस्क और दोनेत्स्क इलाके से आम लोगों को निकालने के लिए गुरुवार को नौ मानवीय गलियारे बनाए गए हैं. यूक्रेन की उप प्रधानमंत्री इरिना वेरेशचुक ने बताया कि मारियोपोल से भी निजी गाड़ियां निकालने के लिए एक रूट तैयार किया गया है. दोनेत्स्क के पोक्रोव्स से एक ट्रेन भी आम लोगों को लेकर जाने की तैयारी में है. हालांकि यूक्रेन की सरकार का यह भी कहना है कि रूसी गोलीबारी बंद होने पर ही इन गलियारों से लोगों को बाहर निकाला जाएगा. हर रोज इस तरह के गलियारों की घोषणा तो होती है, लेकिन कम ही गलियारे वास्तव में कारगर हो पाते हैं. यूक्रेन पर रूस के हमले के 50 दिनों में 47 लाख से ज्यादा यूक्रेनी देश छोड़ कर बाहर गए हैं. इनमें 90 फीसदी औरतें और बच्चे हैं.

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक अब तक 47,36,471 यूक्रेनी देश के बाहर गए हैं. बुधवार को इस संख्या में 79,962 की बढ़ोत्तरी हुई. पूरे यूक्रेन के तकरीबन दो तिहाई बच्चे अपना घर छोड़ने पर मजबूर हुए हैं. इनमें वो बच्चे भी शामिल हैं, जो बेघर होकर यूक्रेन के भीतर ही विस्थापित हुए हैं. शरणार्थियों के अलावा तकरीन 71 लाख ऐसे लोग हैं, जो अपने देश में ही विस्थापित हो गए हैं. इनके अलावा यूक्रेन में रहने वाले दूसरे देशों के 2,15,000 लोग भी यूक्रेन छोड़ चुके हैं. इनमें कुछ छात्र हैं, तो कुछ यहीं नौकरी करते हैं. यूक्रेन की मदद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से 80 करोड़ डॉलर की नई सैन्य सहायता के लिए आभार जताया है. बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसकी मंजूरी दी।

बुधवार को देर रात के संबोधन में उन्होंने पोलैंड, एस्तोनिया, लिथुआनिया और लातविया के राष्ट्रपतियों के कीव दौरे के लिए भी आभार प्रकट किया. जेलेंस्की ने कहा, इन नेताओं ने पहले दिन से हमारी मदद की है. ये वो लोग हैं, जो हमें ना तो हथियार देने में झिझके और ना ही प्रतिबंध लगाने में कोई शंका जताई ।

### एर्दोगन ने बनायी पुतिन, जेलेंस्की के साथ बातचीत की योजना

अंकारा। तुर्की के विदेश मंत्री मेवलुत कैवुसोग्लू ने गुरुवार को कहा कि तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तईप एर्दोगन ने आने वाले दिनों में यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ फोन पर बातचीत करने की योजना बनाई है। कैवुसोग्लू ने एनटीवी प्रसारक के साथ एक साक्षात्कार में कहा, हमारे राष्ट्रपति आने वाले दिनों में भी रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ बातचीत जारी रखेंगे। दोनों देशों के साथ हम लगातार टेलीफोन संपर्क बनाये हुए हैं। कैवुसोग्लू ने कहा कि पुतिन और जेसेंस्की की मुलाकात जल्द हो सकती है लेकिन यह रूसी नेता के पक्ष पर निर्भर है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह बैठक दूर नहीं है। सबकुछ पुतिन पर निर्भर करता है, जहां तक सिद्धांतो का सवाल है, तो रूसी नेता बैठक के खिलाफ नहीं हैं। मंत्री ने कहा कि मॉस्को-कीव वार्ता को लेकर माहौल बदल गया है। उन्होंने कहा,हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है, हम दोनों नेताओं की बैठक करवाने के लिए राजनियक स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। आने वाले दिनों में शत्रुता के बढ़ने की स्थिति में संघर्ष विराम समझौते पर पहुंचना मुश्किल होगा।

### रूसी हमले में लगभग 200 बच्चों की मौत

कीव। यूक्रेन ने गुरुवार को दावा किया कि रूस के 24 फरवरी से शुरू किये गये हमले के बाद से देश में अब तक 197 बच्चों की मौत हुई हो चुकी है, जबकि 351 घायल हुए हैं। यूक्रेन के प्रासिक्यूटर जनरल के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि डोनेत्स्क, कीव और खारकीव में सबसे अधिक संख्या में बच्चे मारे गये हैं। सीएनएन ने बयान का हवाला देते हुए कहा कि कीव क्षेत्र के होस्टोमेल और बुचा में एक 17 वर्षीय लड़के के जले हुए शरीर के साथ चार और 10 साल के बच्चों के भी शव मिले। एक ब्रॉडकास्टर ने बताया कि क्रामाटोर्स्क ट्रेन स्टेशन पर रूसी हमले के कारण सात बच्चों की मौत हो गई। सीएनएन के अनुसार बुधवार को कार्यालय ने कहा कि कीव के उत्तर-पश्चिम में बोरोडिएंका और पश्चिमी यूक्रेन में कोरोलिवका के गांवों में एक 16 वर्षीय लड़की और एक 10 वर्षीय लड़के के जले हुए शव पाए गए थे।

### चीन के साथ संबंधों को मजबूत करेगा पाकिस्तान : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ ने कहा है कि पाकिस्तान चीन के साथ अपने द्विपक्षीय सहयोग और संबंधों को और अधिक मजबूती देगा, यह 20करोड़ से अधिक पाकिस्तानियों की आवाज है। इस सप्ताह की शुरुआत में इस्लामाबाद में चीनी दूतावास के प्रभारी डी अफेयर पांग चुन्शू के साथ एक बैठक में शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान-चीन की दोस्ती अद्वितीय, अडिग है और इसकी जडें दोनों देशों में लोगों के दिलों में गहराई तक हैं। उन्होंने कहा कि जब भी पाकिस्तान को आंतरिक, बाहरी कठिनाइयों या बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा, चीन हमेशा पाकिस्तान के साथ मजबूती से खड़ा रहा। पाकिस्तान, चीन को अपना सबसे मजबूत दोस्त और सबसे करीबी साथी मानता है।

### श्रीलंका में प्रदर्शन स्थलों पर मनाया गया सिंहली नव वर्ष

कॉलंबो। श्रीलंका में चल रहे आर्थिक और वित्तीय संकट के कारण राजधानी कोलंबो में प्रदर्शनकारी देशवासियों ने गुरूवार को धरना स्थलों पर ही सिन्हला और तमिल नव वर्ष मनाया। राजधानी में जिन प्रदर्शनस्थलों पर कुछ दिनों से लोगों का जबरदस्त गुस्सा और नारेबाजी देखने को मिलती थी उन्हीं जगहों पर आज सिंहली नववर्ष के अवसर पर लोग जश्न मनाते नजर आ रहे हैं।गाले फेस ग्रीन में सरकार विरोधी प्रदर्शन का आज छठा दिन है। न्यूजवायर की रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शनकारियों ने नव वर्ष की शुरुआत ऑक्यूपाई गाले फेस साइट पर की, जिसका नाम अब गोटा गो गामा रख दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से सजाएं बच्चों का कमरा

घर सजाने में भले ही कम समय लगता हो लेकिन बच्चे का कमरा डैकोरेट करते समय बहुत कुछ सोचना पड़ता है। छोटे बच्चे शरारती होते है इसलिए उनके कमरे को उनकी आदतों के अनुसार ही सजाना पड़ता है। कमरे की डैकोरेशन ऐसी होनी चाहिए जिसमे वह आसानी से छोटे-छोटे खेलों को खेल सके इसके अवाला बेड की ऊंचाई भी ध्यान में रखनी चाहिए ताकि बच्चे आराम से अपने कमरे में रह सकें। आज हम आपको बच्चों के कमरे के लेटेस्ट डिजाइन दिखाएंगे जो कि अरामदायक और देखने में खूबसूरत है। अगर आप भी बच्चों के कमरे की डैकोरेशन को लेकर परेशान हैं तो यहां से आइडिया ले सकते हैं।

अगर आपका बच्चा थोड़ा चंचल स्वभाव का है तो इस तरह से कमरे को सजा सकते हैं। बैड के इर्द- गिर्द बच्चे के पसंदीदा रंग के पर्दे लगाएं। इसके साथ ही बेड पर खिलौने भी रख सकते हैं। इस तरह से सजा कमरा बच्चे को बेहद पसंद आएगा।

कुछ बच्चे बेहद शांत स्वभाव के होते हैं। उनके लिए सिंपल तरके से सजा कमरा बैस्ट ऑप्शन है। अगर आपके घर में दो बच्चे हैं तो दोनों के एक ही कमरे में अलग- अलग बेड दें ताकि उनको सोने में परेशानी न हो।

लाल, नीला और पीले रंग का कॉम्बिनेशन बच्चों को बेदह प्यारा लगता है। आप डबलबेड भी बच्चों के कमरे में लगा सकते हैं। मगर ध्यान रहें की बड़े बच्चे को ऊपर और छोटे को नीचे सोने को कहें।

बच्चे को कमरे को अलग रूप देने के लिए इस तरह के फनी रंगो से सजाएं। अगर आप चाहें तो इस पर कोई अच्छी सी चित्रकारी भी करवा सकती हैं।

जिन बच्चो को जंगली जानवर अच्छे लगते हैं उनके लिए आप जू ट्रिप थीम वाला कमरा सजा सकती हैं। इस तरह से डैकोरेट रूम बच्चे को बेहद अच्छा लगेगा। बच्चे के कमरो को खिलौने से इस तरह से सजा सकती हैं। कमरे में इस तरह रखे खिलौने देखे में बेहद प्यारे लगेगें।

आजकल 3D आर्ट डेकोर स्टाइल बहुत चलन में है। बच्चों को भी कमरे की इस तरह की सजावट बेहद अच्छी लगती है।










# याद रखें ये छोटे-छोटे नुस्खे बच्चे से हर समस्या रहेगी दूर

**भले ही आप बच्चे की परवरिश में कोई कसर न छोड़ें, लेकिन लाख सावधानियां बरतने के बाद भी कोई न कोई गलती हो ही जाती है। बच्चों की परवरिश करना आसान काम नहीं है क्योंकि बच्चे बेहद नाजुक और संवेदनशील होते हैं। बदलते मौसम में उन्हें सर्दी, खांसी और त्वचा संबंधी कई प्रॉबल्म भी हो सकती है। ऐसे में उन्हें खास केयर की जरूरत होती है, ताकि उन्हें इन परेशानियों से बचा कर रखा जा सकें।**

अक्सर छोटे बच्चे बीमार होते है तो सबसे ज्यादा मां टेंशन में पढ़ जाती है, उनकी सेहत सुधारने में लगी रहती है, लेकिन जरूरी नहीं है कि छोटी-छोटी बीमारियों के लिए बच्चों को डॉक्टर के पास ले जाया जाए, बल्कि आप कुछ छोटे-छोटे नुस्खे इस्तेमाल करके भी बच्चे को इन परेशानियों से बचाए रख सकते है। आज हम आपको बच्चों की सेहत दुरुस्त रखने के कुछ टिप्स बताएंगे, जो हर मां को पता होने चाहिए।

## शरीर में खुजली

अगर बच्चे की शरीर में खुजली हो रही है तो उसके नहाने के पानी में ओट्स मिला दें। यह उन बच्चों के लिए भी काफी मददगार है, जिन्हें चिकनपॉक्स की समस्या रहती है। खुजली से राहत मिलती है।

## सर्दी भगाएं हल्दी-दूध

बच्चों को जल्दी सर्दी लग जाती है। ऐसे में उसे दूध में हल्दी मिलाकर पिलाएं। इससे बच्चों को काफी राहत मिलेगी।

## हिचकी आने पर चीनी

जब बच्चे की हिचकियां रूकने का नाम ही नहीं लेती तो मां अक्सर चिंता में पड़ जाती है। इस तरह की परेशानी में परेशान न हो बल्कि बच्चे को एक चम्मच चीनी खिला दें। चीनी खाने से डायफरग्राम की मांसपेशियों को राहत मिलती है और हिचकी रुक जाती है।

## गले में खराश

अगर बच्चे के गले में खराश और दर्द है तो उसे 1 चम्मच शहद चटाएं। इससे गले की खराश पैदा करने वाले कीटाणुओं को संमाप्त होते है और यह स्वाद में मीठा होने के कारण बच्चों को पसंद भी बेहद आता है।

## पाचन क्रिया दुरुस्त

अगर बच्चे का हाजमा खराब है तो भी बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में बच्चों को नींबू चटाएं, इससे दस्त की समस्या दूर रहेगी क्योंकि नींबू में साल्विया के निर्माण में कमी आती है और दस्त में आराम मिलता है।



# बचपन में ही बच्चे को सिखाएं बचत की अहमियत

आपको पैसे की कमी हो या न हो बच्चों को पैसे की अहमियत समझानी बहुत जरूरी बात है ताकि आगे जाकर उन्हें अपनी जिंदगी में फाइनेशियल प्रॉब्लम न आएं। उन्हें पैसे की बचत करने की आदत डालनी चाहिए। आप उन्हें यह आदत अपनी मेहनत की बातें बता कर भी डाल सकते हैं। पढ़ाने-लिखाने के साथ उन्हें यह समझाना बहुत जरूरी है कि पैसा कमाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये बातें उन्हें बचपन से ही सिखानी चाहिए ताकि आपको भविष्य में उनकी कोई परेशानी न हो। बचत की आदत से उनकी जिंदगी परफैक्ट हो सकती हैं। वह अपने हर सपने का पूरा कर सकते हैं। आइए जानिए आप उन्हें किन बातों द्वारा बचत की आदत डाल सकते हैं।

## अपनी मेहनत करने की बातें बताएं

बच्चों को बचत की आदत डालने के लिए उन्हें यह बताना बहुत जरूरी होता कि पैसा किस तरह से मेहनत करके कमाया जाता है। आप उन्हें यह जरूर बताएं कि आप किस तरह मेहनत करके एक-एक पैसा जोड़ते हैं। इसके लिए उन्हें शुरू से मेहनत करने की आदत डालें। उनसे घर के छोटे-छोटे काम करवाएं। इस तरह उन्हें भी मेहनत करने की आदत पड़ेगी और पैसे की अहमियत समझ आएगी।

## पॉकेट मनी से बचत करें

बच्चों को पॉकेट मनी से बचत करने की आदत डालें। इस आदत के लिए उन्हें यह लालच दें कि बचाए हुए पैसे से वह अपनी मनपसंद की चीज खरीद सकते हैं या फिर कभी जरूरत पड़ने पर खर्च कर सकते हैं।

## जरूरत और चाहत में फर्क बताएं

बचत करने की आदत डालने के लिए बच्चों को जरूरत और चाहत में फर्क बताना बहुत जरूरी है। उन्हें यह बताए कि जरूरत के अनुसार ही किसी भी चीज को खरीदें। चाहत तो बहुत कुछ पाने की होती है। उन्हें पैसे देकर अकेले खरीददारी करने के लिए भेजे और देखें कि वह किस तरह जरूरत के अनुसार चीजें खरीदते हैं, अगर वह कोई एक्सट्रा चीज खरीदते हैं तो उसे डांटने की बजाय समझाएं।

## बचत से हेल्प करनी सिखाएं

बचत करने की आदत बच्चे में स्वार्थ की भावना भी पैदा कर सकती है इसलिए उसे जमा किए पैसे से किसी भी जरूरतमंद की मदद करनी सिखाएं। आपको जरूरत हो या न हो शुरू से ही उनसे कभी-कभी अपने लिए मदद लें।

## गिफ्ट दें

बच्चों को उनके बचाएं पैसे से उनके पसंदीदा गिफ्ट लाकर दें, जिसे देख कर वह खुश हो जाएंगे और उन्हें बचत करने की आदत पड़ेगी।





# बच्चों की डाइट में शामिल करें ये जूस, दिमाग होगा तेज

मां- बाप यही चाहते हैं कि उनका बच्चा पढ़ने में होशियार हो ताकि वह दुनिया के साथ कदम से कदम मिलकार चल सके। आजकल तो वैसे भी फाइनल एग्जाम चल रहें। मां- बाप इस समय बच्चों की डाइट का खास ध्यान रखते हैं ताकि उनको अच्छे से अच्छे नंबर मिलें। मगर कई बार बच्चा कोशिश करने के बाद भी पेपर के समय सब कुछ भूल जाता है। अगर आप भी चाहती हैं कि बच्चे का दिमाग तेज हो और वह अच्छे नंबरों के साथ पास हो तो उनको डाइट में ये ड्रिंक जरूर शामिल करें। इनको पीने से कुछ दिनों में बच्चे कि स्मरण शक्ति बढ़ जाएगी।

## अनार का जूस



अनार में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं जो ब्रेन सेल्स को खराब होने से बचाता है।

अगर आपका बच्चा पढ़ाई लिखाई में थोड़ा सा कमजोर है तो रोजाना उसको अनार का जूस पीने को दें। लगातार अनार का जूस पीने से कुछ दिनों में आपको अपने बच्चे में फर्क दिखाई देने लेगा।

## बादाम शेक

बादाम में प्रोटीन काफी मात्रा में होता है जो ब्रेन की ग्रोथ बढ़ाने में फायदेमंद होता है। रोजाना ये शेक पीने से बच्चे का दिमाग तेज होने के साथ ही उसका पेट भी सही रहता है।

## एलोवेरा जूस

इसमें विटामिन B6 बहुत ज्यादा पाया जाता है। इसको पीने से यादाशत तेजी से बढ़ती है। ये पीने में टेस्टी नहीं होता मगर बच्चे के दिमाग के लिए बेस्ट टॉनिक होता है। अगर आपका बच्चे को उसका स्वाद पसंद नही आता तो आप अमरूद के जूस में एलोवेरा मिलाकर दे सकते हैं।

## ग्रीन टी

ग्रीन टी पॉलीफेनॉल्स का गुण होता है जो दिमाग को शार्प करने के साथ ही इसको फ्रेश रखने का काम भी करता है।

## संतरे का जूस

संतरे में फ्लेवोनाइट्स होते है जो दिमाग को एक्टिव रखता है। एक गिलास संतरा का जूस पीने से बच्चा को पूरा दिन उत्साह के साथ गुजरेगा।

## चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस पीने से ब्लड सर्कुलेशन तेजी से होने लगता है। यह जूस दिमाग को तेज करने के साथ ही डेमेंशिया यानी मेमोरी लौस से भी बचाता है।

## टमाटर का जूस

टमाटर में विटामिन डी, सी और ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह जूस त्वचा में निखार लाने के साथ ही दिमाग भी तेज करता है।

## नारियल पानी

गर्मियों के मौसम में नारियल पानी से पूरा शरीर तरोताजा रहता है। मगर बहुत कम लोगों को पता होगा कि इसको रोजाना पीने से दिमाग तेज होने के साथ ही एकाग्रता भी बढ़ती है।

